ऐसा सुनकर जीमूतवाहन ने मन में सोचा - ''आश्चर्य है ! ऐसे अमर वृक्ष को प्राप्त करके भी हमारे पूर्वजों ने ऐसा कुछ (विशिष्ट) नहीं माँगा । लेकिन कुछ गरीब लोगों ने थोड़ा धन माँगा । इसीलिए मैं इस (वृक्ष) से इच्छित मनोरथ सिद्ध करता हूँ ।'' ऐसा सोचकर वह पिता के पास आया । आकर सुखपूर्वक बैठे हुए पिता से एकान्त में उसने निवेदन किया - ''पिताजी ! आप तो जानते हैं कि इस संसार रूपी सागर में शरीर सहित समस्त धन लहरों की तरह अस्थिर (नश्वर) हैं । केवल एक 'परोपकार' ही संसार में अनश्वर है जो युगों तक यश फैलाता है ।

विमर्श -

यहाँ विशेष है कि कल्पवृक्ष को प्राप्त करके जीमूतवाहन के पूर्वजों ने जो भी माँगा, वह सब कुछ ही नश्वर धन है तथा नश्वर धन माँगने वाले कृपण कहे गए हैं तथा माँगा हुआ धन कश्चिद् अर्थः, जबकि कल्पवृक्ष से माँगने के लिए उनके सामने उससे भी श्रेष्ठ वस्तुएँ थीं । जीमूतवाहन ने धन की व शरीर की नश्वरता को समझते हुए उसे तरंगों से उपमा दी है । जैसे संसार सागर है और उसमें धन इत्यादिक बार-बार नष्ट होने वाली लहरों के समान है । 'परोपकार' की महत्ता को जानकर उसे युगों तक नष्ट न होने वाला तथा कीर्ति फैलाने वाला बताया गया है । इससे परोपकार की श्रेष्ठता सिद्ध की है ।

व्याकरणिक टिप्पणी -

आकर्ण्येतत् - आकर्ण्य + एतत्। अर्थोऽर्थितः - अर्थः + अर्थितः। अर्थितः - अर्थ + क्त। अभीष्टम् - अभि + इष्टम्। आलोच्य - आ + लोच् + ल्यप्। आगत्य - आ + गम् + ल्यप् न्यवेदयत् - नि + अवेदयत्। संसारेऽनश्वरः - संसारे + अनश्वरः

परीक्षोपयोगि-प्रश्नाः -

1. एकपदेन उत्तरत -

(क) कः पितुरन्तिकम् आगच्छत् ?

(ख) कः युगान्तपर्यन्तं यशः प्रसूते ?

2. पूर्णवाक्येन उत्तरत -

(क) जीमूतवाहनः किम् अचिन्तयत् ?

(ख) अस्मिन् संसारे किं चञ्चलम् अस्ति ?

3. निर्देशानुसारम् उत्तरत -

(क) 'प्रार्थयत्' इति पदस्य समानार्थकं पदम् अनुच्छेदात् चित्वा लिखत ।

(ख) कल्पवृक्षस्य किं पर्यायपदम् अत्र प्रयुक्तम् ?

(ग) 'साधयामि' इति क्रियापदस्य कर्ता कः अस्ति ?

***(3) मूलपाठः* -**

तदस्माभिरीदृशः कल्पतरुः किमर्थं रक्ष्यते? यैश्च पूर्वैरयं 'मम मम' इति आग्रहेण रक्षितः, ते इदानीं कुत्र गताः? तेषां कस्यायम्? अस्य वा के ते? तस्मात् परोपकारैकफलसिद्धये त्वदाज्ञया इमं कल्पपादपम् आराधयामि। अथ पित्रा 'तथा' इति अभ्यनुज्ञातः स जीमूतवाहनः कल्पतरुम् उपगम्य उवाच –"देव! त्वया अस्मत्पूर्वेषाम् अभीष्टाः कामाः पूरिताः, तन्ममैकं कामं पूरय। यथा पृथ्वीमदरिद्रां पश्यामि, तथा करोतु देव'' इति। एवंवादिनि जीमूतवाहने ''त्यक्तस्त्वया एषोऽहं यातोऽस्मि" इति वाक् तस्मात् तरोरुदभूत्। क्षणेन च स कल्पतरुः दिवं समुत्पत्य भुवि तथा वसूनि अवर्षत् यथा न कोऽपि दुर्गत आसीत्। ततस्तस्य जीमूतवाहनस्य सर्वजीवानुकम्पया सर्वत्र यशः प्रथितम्।

***शब्दार्थाः* -**

परोपकारैक – एकमात्र परोपकार। अभ्यनुज्ञातः – अनुमति प्राप्त। यातोऽस्मि – जा रहा हूँ। पूर्वेषाम् – पूर्वजों के। एवंवादिनि – ऐसा बोलने पर। दुर्गत – दीन अवस्था वाला (निर्धन) अनुकम्पया – दया करने से। प्रथितम् – प्रसिद्ध हो गया

***हिन्दी अनुवाद* -**

फिर हमारे द्वारा इस कल्पवृक्ष की रक्षा क्यों की जा रही है ? जिन पूर्वजों ने 'मेरा-मेरा' कहकर इसकी रक्षा की, वे अब कहाँ गए ? उनमें से यह किसका है ? या इसके वे कौन हैं ? इसीलिए एकमात्र परोपकार की सिद्धि के लिए आपकी आज्ञा से मैं इस कल्पवृक्ष की आराधना करता हूँ ।'' इसके बाद ''ठीक है' ऐसी अनुमति प्राप्त किया हुआ जीमूतवाहन कल्पवृक्ष के पास जाकर बोला – ''हे देव ! तुमने हमारे पूर्वजों की सभी कामनाएँ पूरी की है तो मेरी एक इच्छा पूरी कर दो । ऐसी (कृपा) कीजिए कि पृथ्वी पर कोई भी निर्धन न हो । जीमूतवाहन के ऐसा कहने पर उस वृक्ष से आवाज़ आई – ''तुमने मुझे त्याग दिया है, मैं जा रहा हूँ ।''

उस कल्पवृक्ष ने क्षणभर में ही स्वर्ग की ओर उड़कर पृथ्वी पर धन की इतनी वर्षा की कि कोई भी निर्धन नहीं रहा । इस प्रकार सभी प्राणियों पर दया करने से उस जीमूतवाहन का यश सभी जगह फैल गया ।

***विमर्श* -**

तात्पर्य यह है कि जीमूतवाहन ने अपने लिए सांसारिक वस्तुएँ न माँगकर सभी के लिए सुख-समृद्धि का वरदान माँगा। जिससे सभी का उपकार हुआ तथा स्वयं उसका यश बहुत समय तक सभी जगह प्रसृत हुआ ।

***व्याकरणिक टिप्पणी* -**

रक्षितः – रक्ष् + क्त। गताः – गम् + क्त। परोपकारैकफलसिद्धये – परोपकार एक एव फलं, तस्य सिद्धिः, तस्यै। कस्यायम् – कस्य + अयम्। उपगम्य – उप + गम् + ल्यप्। एवंवादिनि – एवं वदति इति एवंवादी, तस्मिन्। तरोरुदभूत् – तरोः + उदभूत्। अवर्षत् – वर्ष् धातुः (लङ् लकारः, प्र.पु., एकवचनम्)

परीक्षोपयोगि-प्रश्नाः -

1. एकपदेन उत्तरत -

(क) पूर्वैः आग्रहेण कः रक्षितः ?

(ख) कल्पतरुः भुवि कानि अवर्षत् ?

2. पूर्णवाक्येन उत्तरत -

(क) जीमूतवाहनः कल्पतरुम् उपगम्य किमुवाच ?

(ख) कया जीमूतवाहनस्य यशः प्रथितम् ?

3. निर्देशानुसारम् उत्तरत -

(क) 'इयम्' इति सर्वनामपदं कस्मै प्रयुक्तम् ?

(ख) 'अभीष्टाः कामाः' उभयोः पदयोः किमस्ति विशेषणपदम् ?

(ग) 'अवर्षत्' इति क्रियायाः कर्ता कः अस्ति ?

(घ) 'अपयशः' इति पदस्य विपर्ययपदं किमस्ति ?

पञ्चमः उल्लासः

सूक्तिमौक्तिकम्

(1) मूलपाठः -

वृत्तं यत्नेन संरक्षेद् वित्तमेति च याति च।
अक्षीणो वित्ततः क्षीणो वृत्ततस्तु हतो हतः॥ ॥*मनुस्मृतिः*॥

अन्वयः -

वृत्तं यत्नेन संरक्षेत्, वित्तम् एति याति च । वित्ततः क्षीणः अक्षीणः, वृत्ततः तु हतः हतः ।

शब्दार्थाः -

वृत्तम् - चरित्र। वित्तम् - धन। यत्नेन - प्रयत्नपूर्वक। संरक्षेत् - रक्षा करनी चाहिए। अक्षीणः - जो क्षीण नहीं हुआ

हिन्दी अनुवाद -

धन तो आता है और जाता है (पर) अपने चरित्र की रक्षा यत्नपूर्वक करनी चाहिए । धन से क्षीण होने पर भी मनुष्य नष्ट नहीं होता, पर यदि उसका चरित्र नष्ट हो गया तो वह संपूर्णतः नष्ट हो गया ।

विमर्श -

इस श्लोक में चरित्र की रक्षा पर बल दिया गया है । धन तो क्षणभंगुर है, कभी रहता है कभी नहीं । उससे उसके मान-सम्मान में कोई कमी नहीं होती । किन्तु, चरित्र स्खलित हो गया तो मनुष्य जीते हुए भी मृततुल्य हो जाता है, क्योंकि उसका मान-सम्मान तुरंत समाप्त हो जाता है ।

व्याकरणिक टिप्पणी -

पञ्चमी के अर्थ में 'तः' (तसिल्) का भी प्रयोग होता है । जैसे वित्तात् के स्थान पर यहाँ वित्ततः का प्रयोग हुआ है । अक्षीणः - न क्षीणः (नञ्तत्पुरुष-समास)

परीक्षोपयोगि-प्रश्नाः -

1. एकपदेन उत्तरत -

(क) वृत्तं कथं संरक्षेत् ?

(ख) कस्मात् क्षीणः अक्षीणः भवति ?

2. पूर्णवाक्येन उत्तरत -

(क) कस्मात् हतो हतः भवति ?

3. निर्देशानुसारम् उत्तरत -

(क) 'नष्टः' इत्यर्थे किं पदं प्रयुक्तम् ?

(ख) 'एति' इत्यस्य विलोमपदं चिनुत ।

(2) मूलपाठः -

श्रूयतां धर्मसर्वस्वं श्रुत्वा चैवावधार्यताम्।
आत्मनः प्रतिकूलानि परेषां न समाचरेत्॥ ॥*विदुरनीतिः*॥

अन्वयः -

धर्मसर्वस्वं श्रूयतां, श्रुत्वा च अवधार्यताम् । आत्मनः प्रतिकूलानि परेषां न समाचरेत् ।

शब्दार्थाः -

श्रूयताम् - सुना जाये। धर्मसर्वस्वम् - धर्म का सार। अवधार्यताम् - समझा जाए

हिन्दी अनुवाद -

धर्म का सार सुनें और सुनकर अच्छी तरह समझ लें कि जो (व्यवहार) स्वयं को प्रतिकूल लगे वह दूसरों के साथ न करे ।

विमर्श -

निम्न श्लोक के माध्यम से महात्मा विदुर का कहना है कि कभी भी ऐसी बात किसी को न कहें, ऐसा व्यवहार किसी के साथ न करें, जो स्वयं को बुरी लगती हो ।

व्याकरणिक टिप्पणी -

धर्मसर्वस्वम् - धर्मस्य सर्वस्वम् (तत्पुरुष समास)। चैवावधार्यताम् - च + एव + अवधार्यताम्

परीक्षोपयोगि-प्रश्नाः -

1. एकपदेन उत्तरत -

(क) किं श्रूयताम् ?

(ख) श्रुत्वा च किं क्रियताम् ?

2. पूर्णवाक्येन उत्तरत -

(क) किं न समाचरेत् ?

3. निर्देशानुसारम् उत्तरत -

(क) 'अनुकूलानि' इति पदस्य विपर्ययपदं लिखत ।

(ख) 'कुर्यात्' इति अर्थे किं पदं प्रयुक्तम् ?

(3) मूलपाठः -

प्रियवाक्यप्रदानेन सर्वे तुष्यन्ति जन्तवः।
तस्माद् तदेव वक्तव्यं वचने का दरिद्रता॥ ***॥चाणक्यनीतिः॥***

अन्वयः -

प्रियवाक्यप्रदानेन सर्वे जन्तवः तुष्यन्ति । तस्मात् तदेव वक्तव्यं वचने का दरिद्रता ?

शब्दार्थाः -

प्रियवाक्यप्रदानेन - प्रिय वाक्य बोलने सेतुष्यन्ति - सन्तुष्ट होते हैं। तदेव - वही। वक्तव्यम् - बोलना चाहिए

हिन्दी अनुवाद -

प्रिय वाक्य बोलने से सभी प्राणी संतुष्ट होते हैं । इसलिए वही बोलना चाहिए, वचन में कैसी दरिद्रता ?

विमर्श -

चाणक्य कहते हैं कि किसी को कुछ देना लेना हो तब तो धनी और गरीब में अन्तर हो सकता है, पर मनुष्य सबसे अधिक प्रसन्न होता है मधुर वचनों से और मधुरवचनों को बोलने के लिए कोई खर्च नहीं करना पड़ता। इसलिए सदैव वही बोलना चाहिए ।

व्याकरणिक टिप्पणी -

वक्तव्यम् - वच् + तव्यत्। दरिद्रता - दरिद्र + तल्

परीक्षोपयोगि-प्रश्नाः -

1. एकपदेन उत्तरत -

(क) केन जन्तवः तुष्यन्ति ?

2. पूर्णवाक्येन उत्तरत -

(क) कस्यां दरिद्रता न भवेत् ?

3. निर्देशानुसारम् उत्तरत -

(क) 'अप्रियम्' इत्यस्य विलोमपदं लिखत ।

(ख) 'निर्धनता' इत्यस्य पर्यायपदं लिखत ।

(4) मूलपाठः -

पिबन्ति नद्यः स्वयमेव नाम्भः
स्वयं न खादन्ति फलानि वृक्षाः।
नादन्ति सस्यं खलु वारिवाहाः
परोपकाराय सतां विभूतयः॥ ॥*सुभाषितरत्नभाण्डागारम्* ॥

अन्वयः -

नद्यः स्वयमेव अम्भः न पिबन्ति, वृक्षाः स्वयं फलानि न खादन्ति, वारिवाहाः सस्यं न अदन्ति, सतां विभूतयः परोपकाराय खलु ।

शब्दार्थाः -

अम्भः - जल। वारिवाहाः - बादल। शस्यम् - फसल। अदन्ति - खाते हैं। विभूतयः - समृद्धियाँ

हिन्दी अनुवाद -

नदियाँ स्वयं जल नहीं पीतीं, वृक्ष स्वयं फल नहीं खाते, बादल स्वयं फसल नहीं खाते, सज्जनों की समृद्धि दूसरों की भलाई के लिए होती है ।

विमर्श -

इस श्लोक के माध्यम से परोपकार का महत्त्व बतलाया गया है । जो सज्जन होते हैं वे देने में ही प्रसन्नता का अनुभव करते हैं ।

व्याकरणिक टिप्पणी -

नाम्भः - न + अम्भः। नदन्ति - न + अदन्ति

परीक्षोपयोगि-प्रश्नाः -

1. एकपदेन उत्तरत -

(क) नद्यः स्वयं किं न पिबन्ति ?

(ख) वृक्षाः कानि न खादन्ति ?

2. पूर्णवाक्येन उत्तरत -

(क) के शस्यं न अदन्ति ?

(ख) केषां विभूतयः परोपकाराय भवन्ति ?

3. निर्देशानुसारम् उत्तरत -

(क) 'मेघाः' इत्यर्थे श्लोके किं पदं प्रयुक्तम् ?

(ख) 'असज्जनानाम्' इति पदस्य विलोमपदं श्लोकात् चित्वा लिखत ।

(5) मूलपाठः -

गुणेष्वेव हि कर्तव्यः प्रयत्नः पुरुषैः सदा।
गुणयुक्तो दरिद्रोऽपि नेश्वरैरगुणैः समः।। ।।*मृच्छकटिकम्*।।

अन्वयः -

पुरुषैः सदा गुणेषु एव प्रयत्नः कर्तव्यः, गुणयुक्तः दरिद्रः अपि अगुणैः ईश्वरैः समः न भवति।

हिन्दी अनुवाद -

पुरुषों (मनुष्यों) को हमेशा गुणप्राप्ति के लिए प्रयत्न करना चाहिए क्योंकि गुणवान् धनहीन भी गुणहीन धनी के समान नहीं होता । अर्थात् गुणहीन से श्रेष्ठ होता है ।

विमर्श -

महाकवि शूद्रक ने इस श्लोक के माध्यम से मनुष्य को मानवीय गुणों के विस्तार हेतु प्रयत्नशील रहने की प्रेरणा दी है । गुण के सामने धन की कोई महत्ता नहीं - यही श्लोक का सार है ।

व्याकरणिक टिप्पणी -

गुणेष्वेव - गुणेषु + एव। दरिद्रोऽपि - दरिद्रः + अपि। नेश्वरैरगुणैः - न + ईश्वरैः + अगुणैः। कर्तव्यः - कृ + तव्यत्

परीक्षोपयोगि-प्रश्नाः -

1. एकपदेन उत्तरत -

(क) पुरुषैः केषु प्रयत्नः कर्तव्यः ?

(ख) पुरुषैः कदा प्रयत्नः कर्तव्यः ?

2. पूर्णवाक्येन उत्तरत -

(क) पुरुषैः किं कर्तव्यम् ?

(ख) गुणयुक्तः दरिद्रः केन समः न भवति ?

3. निर्देशानुसारम् उत्तरत -

(क) 'धनी' इत्यस्य विलोमपदं श्लोकात् चित्वा लिखत ।

(ख) 'अगुणैः ईश्वरैः' इत्यनयोः किं विशेषणपदम् ?

(6) मूलपाठः -

आरम्भगुर्वी क्षयिणी क्रमेण
लघ्वी पुरा वृद्धिमती च पश्चात्।
दिनस्य पूर्वार्द्धपरार्द्धभिन्ना
छायेव मैत्री खलसज्जनानाम्।। ।।*नीतिशतकम्*।।

अन्वयः - खल-सज्जनानां मैत्री दिनस्य पूर्वार्द्धपरार्द्धभिन्ना छाया इव आरम्भगुर्वी क्रमेण क्षयिणी पुरा लघ्वी पश्चात् वृद्धिमती च (भवति) ।

हिन्दी अनुवाद -

सज्जनों की मित्रता दिन के परार्द्ध की छाया के समान शुरू में छोटी और धीरे-धीरे बढ़ने वाली होती है। दुष्टों की मित्रता दिन के पूर्वार्द्ध की छाया के समान शुरू में अधिक और क्रमशः क्षीण होने वाली होती है ।

विमर्श -

इस श्लोक के माध्यम से महाकवि भर्तृहरि मित्रता जाँचने की विधि बता रहे हैं । सज्जनों की मित्रता शनैः शनैः प्रगाढ़ होती है न कि प्रथम परिचय में ही घनिष्ठता आती है । पर दुष्टों की मित्रता स्वार्थ साधने हेतु होती है जो आरम्भ में घनिष्ठ दिखती है पर काम निकल जाने के बाद धीरे-धीरे क्षीण हो जाती है ।

व्याकरणिक टिप्पणी -

गुर्वी - गुरु + ङीप्। लघ्वी - लघु + ङीप्। वृद्धिमती - वृद्धि + मतुप् + ङीप्। छायेव - छाया + इव। पूर्वार्द्ध - पूर्व + अर्द्ध। परार्द्ध - पर + अर्द्ध

परीक्षोपयोगि-प्रश्नाः -

1. एकपदेन उत्तरत -

(क) का आरम्भगुर्वी भवति ?

(ख) पश्चात् वृद्धिमती का भवति ?

2. पूर्णवाक्येन उत्तरत -

(क) खलानां मैत्री कीदृशी भवति ?

(ख) सज्जनानां मैत्री कीदृशी भवति ?

3. निर्देशानुसारम् उत्तरत -

(क) 'आरम्भगुर्वी मैत्री' इत्यनयोः किं विशेषणपदम् ?

(ख) 'पुरा' इत्यस्य विलोमपदं लिखत ।

(7) मूलपाठः -

यत्रापि कुत्रापि गता भवेयु-
र्हंसा महीमण्डलमण्डनाय।
हानिस्तु तेषां हि सरोवराणां
येषां मरालैः सह विप्रयोगः॥ ॥*भामिनीविलासः*॥

अन्वयः -

हंसाः महीमण्डलमण्डनाय यत्रापि कुत्रापि गताः भवेयुः, हानिः तु तेषां सरोवराणां भवति, येषां मरालैः सह विप्रयोगः भवति ।

हिन्दी अनुवाद - धरती को सुशोभित करने के लिए हंस कहीं भी गये हों (उन्हें कोई फ़र्क नहीं पड़ता), पर हानि तो उन सरोवरों की होती है, जिनका हंसों से विलगाव हुआ है ।

विमर्श -

पण्डितराज जगन्नाथ ने इस श्लोक के द्वारा यह रेखांकित किया है कि गुणवान् व्यक्ति कहीं भी रहे वह अपने गुणों से संसार को लाभान्वित ही करेगा, पर वह जिस स्थान से चला जायेगा वह स्थान निश्चय ही उसके अभाव का अनुभव करेगा और उसके लाभों से वञ्चित हो जायेगा ।

व्याकरणिक टिप्पणी -

सहार्थे तृतीया - मरालैः सह विप्रयोगः

परीक्षोपयोगि-प्रश्नाः -

1. एकपदेन उत्तरत -

(क) हंसाः किमर्थं गताः भवेयुः ?

(ख) केषां हानिः भवति ?

2. पूर्णवाक्येन उत्तरत -

(क) सरोवराणां हानिः कथं भवति ?

3. निर्देशानुसारम् उत्तरत -

(क) 'लाभः' इत्यस्य विलोमपदं श्लोकात् चित्वा लिखत ।

(ख) 'पृथ्वी' इत्यस्य पर्यायपदं श्लोकात् चित्वा लिखत ।

(8) मूलपाठः -

गुणा गुणज्ञेषु गुणा भवन्ति
ते निर्गुणं प्राप्य भवन्ति दोषाः।
आस्वाद्यतोयाः प्रवहन्ति नद्यः
समुद्रमासाद्य भवन्त्यपेयाः॥ ***॥हितोपदेशः॥***

अन्वयः -

गुणाः गुणज्ञेषु गुणाः भवन्ति, निर्गुणं प्राप्य ते दोषाः भवन्ति । आस्वाद्यतोयाः नद्यः प्रवहन्ति, ते समुद्रम् आसाद्य अपेयाः भवन्ति ।

हिन्दी अनुवाद -

गुण को जानने पहचानने वालों के लिए ही वास्तव में गुण गुण होते हैं, गुणहीनों के लिए तो वे दोष ही होते हैं । नदियाँ स्वादिष्ट जल के साथ बहती रहती हैं, पर समुद्र में मिलकर वे भी पीने योग्य नहीं रह जातीं ।

विमर्श -

किसी का गुण उसे पहचानने वालों के लिए ही विशिष्ट होता है । जिसमें गुणों को पहचानने की सामर्थ्य नहीं, उसके लिए गुण भी दोष के समान होते हैं । इसकी उपमा विष्णु शर्मा ने नदी के स्वादिष्ट जल और समुद्र के संसर्ग से उसके अपेय होने से दी है ।

व्याकरणिक टिप्पणी -

आस्वाद्यतोयाः - आस्वाद्यं तोयं यासु ताः। आसाद्य - आ + सद् + णिच् + ल्यप्

परीक्षोपयोगि-प्रश्नाः -

1. एकपदेन उत्तरत -

(क) केषु गुणाः गुणाः भवन्ति ?

(ख) गुणाः कं प्राप्य दोषाः भवन्ति ?

2. पूर्णवाक्येन उत्तरत -

(क) नद्याः जलं कथम् अपेयं भवति ?

3. निर्देशानुसारम् उत्तरत -

(क) 'आस्वाद्यतोयाः नद्यः' इत्यनयोः किं विशेषणपदम् ?

(ख) 'ते निर्गुणं प्राप्य दोषाः भवन्ति' इत्यस्मिन् वाक्ये किं क्रियापदम् ?

षष्ठः उल्लासः

भ्रान्तो बालः

(1) मूलपाठः -

भ्रान्तः कश्चन बालः पाठशालागमनवेलायां क्रीडितुं निजर्गाम। किन्तु तने सह केलिभिः कालं क्षेप्तुं तदा कोऽपि न वयस्येषु उपलभ्यमान आसीत्। यतस्ते सर्वेऽपि पूर्वदिनपाठान् स्मृत्वा विद्यालयगमनाय त्वरमाणा बभूवुः। तन्द्रालुर्बालो लज्जया तेषां दृष्टिपथमपि परिहरन्नेकाकी किमप्युद्यानं प्रविवेश। स चिन्तयामास-विरमन्त्वेते वराकाः पुस्तकदासाः। अहं पुनरात्मानं विनोदयिष्यामि। ननु भूयो द्रक्ष्यामि क्रुद्धस्य उपाध्यायस्य मुखम्। सन्त्वेते निष्कुटवासिन एव प्राणिनो मम वयस्या इति।

अथ स पुष्पोद्यानं व्रजन्तं मधुकरं दृष्ट्वा तं क्रीडाहेतोराह्वयत्। स द्विस्त्रिरस्याह्वानमेव न मानयामास। ततो भूयो भूयः हठमाचरति बाले सोऽगायत्-वयं हि मधुसंग्रहव्यग्रा इति। तदा स बालः 'कृतमनेन मिथ्यागर्वितेन कीटेन' इत्यन्यतो दत्तदृष्टिश्चटकमेकं चञ्च्वा तृणशलाकादिकमाददानमपश्यत्। उवाच च-''अयि चटकपोत! मानुषस्य मम मित्रं भविष्यसि। एहि क्रीडावः। त्यज शुष्कमेतत् तृणं स्वादूनि भक्ष्यकवलानि ते दास्यामि'' इति। स तु 'नीडः कार्यो बटद्रुशाखायां तद्यामि कार्येण' इत्युक्त्वा स्वकर्मव्यग्रो बभूव।

शब्दार्थाः -

भ्रान्तः - भ्रमित। केलिभिः - खेल के द्वारा। क्षेप्तुम् - बिताने के लिए। त्वरमाणा - शीघ्रता करते हुये। तन्द्रालुः - आलसी। परिहरन् - बचते हुये। वराकाः - बेचारे। विनोदयिष्यामि - मनोरंजन करूंगा। निष्कुटवासिनः - वृक्ष के कोटर में रहने वाले। वयस्य - मित्र। व्रजन्तम् - घूमते हुए। मानायमास - माना। भूयो भूयः - बार बार। मधुसंग्रहव्यग्राः - शहद (फूलों के रस) के संग्रह में तत्पर। गर्वितेन - घमण्ड वाले। अन्यतो - दूसरी ओर। तृणशालादिकम् - घास-तिनके आदि। आददानम् - ग्रहण करते हुए को। चटकपोत -चिड़िया के बच्चे। भक्ष्यकवलानि - खाने योग्य निवाला। बटद्रुशाखायाम् - वट वृक्ष की शाखा पर। यामि - जा रहा हूँ। स्वकर्मव्यग्रः - अपने काम में तत्पर

हिन्दी अनुवाद -

कोई भ्रमित बालक विद्यालय जाने के समय खेलने चला गया। उसके साथ खेल के माध्यम से समय बिताने के लिए कोई भी मित्र उपलब्ध नहीं था । क्योंकि वे सब पहले दिन के पाठों को याद करके विद्यालय जाने के लिए जल्दी में थे । लज्जा के कारण आलसी बालक उनकी दृष्टि से बचता हुआ अकेले किसी उद्यान में चला गया। उसने सोचा - ये बेचारे (मित्र) पुस्तकों के दास (विद्यालय) में रुकें । मैं तो अपना मनोरंजन करूंगा। क्रोधित गुरु के मुख को बाद में देख लूंगा । वृक्ष की कोटर में रहने वाले ही मेरे मित्र बन जाएँ ।

इसके बाद उसने उद्यान में घूमते हुए भंवरे को देखकर उसे खेलने के लिए बुलाया । वह दो-तीन बार बुलाने पर भी नहीं माना (नहीं आया) । बार-बार हठ करते हुए बालक के प्रति वह (भ्रमर) गुनगुनाया - 'हम तो शहद इकठ्ठा करने में तत्पर हैं ।'

तब बालक ने सोचा 'व्यर्थ में इस कीड़े ने घमण्ड किया ।' फिर दूसरी ओर देखते हुए एक चिड़े को घास-तिनके आदि उठाते हुए देखा और कहा - 'ओ चटकशावक (शिशुचिड़ा)! मुझ मनुष्य के मित्र बनोगे? आओ (हम दोनों) खेलें । इस सूखे तिनके को छोड़ो, तुम्हें स्वादिष्ट खाने योग्य वस्तुओं के ग्रास दूंगा । ''वटवृक्ष की शाखा पर घोंसला बनाना है, इसलिए काम से जा रहा हूँ ।'' - ऐसा कहकर वह अपने कार्य में व्यस्त हो गया ।

विमर्श -

इस कथा में ऐसे बालक का चित्रण किया गया है जिसका मन खेल-कूद में लगा है, जो पढ़ना नहीं चाहता । अपने मित्रों को विद्यालय जाता देखकर भी वह जाना नहीं चाहता । गुरु के क्रोध का भी उसे भय नहीं है । उसकी खेलने की इच्छा इतनी प्रबल है कि वह उद्यान में पक्षियों से भी आग्रह करता है ।

व्याकरणिक टिप्पणी -

भ्रान्तः - भ्रम् + क्त। निर्जगाम - निर् + जगाम (गम् धातुः, लिट् लकारः, प्र.पु. एकवचनम्) क्षेप्तुम् - क्षिप् + तुमुन्। उपलभ्यमान - उप + लभ् + शानच्। त्वरमाणा - त्वर + शानच्। प्रविवेश - प्र + विश् धातुः, लिट् लकारः, प्र.पु. एकवचनम्

परीक्षोपयोगि-प्रश्नाः -

1. एकपदेन उत्तरत -

(क) भ्रान्तः बालः पाठशाला-गमनवेलायां किमर्थं निर्जगाम ?

(ख) एकाकी बालकः कुत्र प्रविवेश ?

2. पूर्णवाक्येन उत्तरत -

(क) भ्रान्तः बालः स्वविनोदविषये किं चिन्तयामास ?

(ख) चटकः स्वव्यस्ततां कथं प्रदर्शितवान् ?

3. निर्देशानुसारम् उत्तरत -

(क) 'स्वादूनि भक्ष्यकवलानि' इत्यनयोः पदयोः विशेष्यपदं किमस्ति ?

(ख) 'ते सर्वेऽपि' इत्यत्र 'ते' इति सर्वनामपदस्य स्थाने संज्ञापदप्रयोगं कुरुत ।

(ग) 'भ्रमरपदस्य किं पर्यायपदम् अनुच्छेदे प्रयुक्तम् ?

(घ) 'नीडः कार्यो बटद्रुशाखायां तद्यामि कार्येण' इत्यत्र'यामि'-क्रियायाः कर्तृपदं लिखत ।

(2) मूलपाठः -

तदा खिन्नो बालकः एते पक्षिणो मानुषेषु नोपगच्छन्ति। तदन्वेषयाम्यपरं मानुषोचितं विनोदयितारमिति परिक्रम्य पलायमानं कमपि श्वानमवालोकयत्। प्रीतो बालस्तमित्थं संबोधयामास — रे मानुषाणां मित्र! किं पर्यटसि अस्मिन् निदाघदिवसे? आश्रयस्वेदं प्रच्छायशीतलं तरुमूलम्। अहमपि क्रीडासहायं त्वामेवानुरूपं पश्यामीति। कुक्कुरः प्रत्याह-

यो मां पुत्रप्रीत्या पोषयति स्वामिनो गृहे तस्य।
रक्षानियोगकरणान्न मया भ्रष्टव्यमीषदपि।। इति।

सर्वैरेवं निषिद्धः स बालो विघ्नितमनोरथः सन् 'कथमस्मिन् जगति प्रत्येकं स्व-स्वकृत्ये निमग्नो भवति। न कोऽप्यहमिव वृथा कालक्षेपं सहते। नम एतेभ्यः यैर्मे तन्द्रालुतायां कुत्सा समापादिता। अथ स्वोचितमहमपि करोमि इति विचार्य त्वरितं पाठशालामुपजगाम। ततः प्रभृति स विद्याव्यसनी भूत्वा महतीं वैदुषीं प्रथां सम्पदं च लेभे।

शब्दार्थाः -

मानुषेषु - मानवों के समीप। विनोदयितारम् - मनोरंजन करने वाले को। निदाघदिवसे - अत्यन्त गर्मी के दिन में। प्रच्छायशीतलम् - शीतल छाया वाले। पुत्रप्रीत्या - पुत्रवत् स्नेह द्वारा। रक्षानियोगकरणात् - रक्षा कार्य में लगे होने से। भ्रष्टव्यम् - भटकना चाहिए। विघ्नितमनोरथः - नष्ट हुए मनोरथ वाला। वृथा - बेकार में। कुत्सा - घृणा का भाव। विद्याव्यसनी - विद्या (अध्ययन) में संलग्न। प्रथाम् - प्रसिद्धि।

हिन्दी अनुवाद -

तब दुःखी बालक (ने सोचा कि) 'ये पक्षी मनुष्यों के पास नहीं आते । अतः मैं मनुष्यों के योग्य किसी दूसरे मनोरंजन करने वाले को ढूँढता हूँ ।' (ऐसा सोचकर तथा घूमकर) भागते हुए किसी कुत्ते को देखा। (उसे मित्र रूप में पाकर) प्रसन्नचित्त बालक ने कहा - ''अरे मनुष्यों के मित्र ! इतनी गर्मी के दिन में क्यों घूम रहे हो ? शीतल छाया वाले इस वृक्ष का आश्रय लो । मैं भी खेलने के लिए तुम्हारी तरह किसी को देख (ढूँढ) रहा हूँ।'' कुत्ते ने कहा - ''जो मेरा (पालन) पोषण पुत्र की तरह करता है, उस स्वामी के घर में रक्षा कार्य से मुझे थोड़ा-सा (भी) भटकना नहीं चाहिए ।''

सभी के द्वारा मना किये जाने पर टूटे मन वाले बालक ने (सोचा) - इस संसार में किस प्रकार प्रत्येक अपने-अपने कार्य में लगा हुआ है । कोई भी मेरी तरह व्यर्थ ही समय नष्ट नहीं कर रहा है ।

इन सभी को नमस्कार है जिन्होंने आलस्य के प्रति मेरा घृणा का भाव (उत्पन्न कर दिया) किया । अतः मैं भी अपना उचित कार्य करता हूँ, ऐसा सोचकर (वह) शीघ्र ही विद्यालय चला गया । तब से विद्याध्ययन में निरत होकर उसने अतिशय विद्वत्ता, प्रसिद्धि तथा सुख-सुविधाएँ (सम्पत्तियाँ) प्राप्त कीं ।

विमर्श -

कुत्ते के उत्तर द्वारा भ्रमित बालक को समझ आया कि संसार में सभी अपने-अपने कार्य में व्यस्त हैं। कोई समय को व्यर्थ नहीं गँवा रहा है। अतः उसे भी (अपने कार्य) विद्याध्ययन में तत्पर होना चाहिए। इसके बाद परिश्रम के महत्त्व को समझकर वह विद्या-अध्ययन में लग गया, जिससे उसे विद्वत्ता, यश व धन प्राप्त हुआ ।

व्याकरणिक टिप्पणी -

मानुषोचितम् - मनुष्य एव मानुषः, स्वार्थे अण्, मानुषाणाम् उचितम् इति मानुषोचितम्। पलायमानम् - परा + अय् + शानच्। इत्थम् - अनेन प्रकारेण, थाल्-प्रत्ययः। निदाघः - नि + दह् + घञ् । नितरां दह्यते अत्र इत्यर्थः। प्रच्छायशीतलम् - प्रकृष्टा छाया प्रच्छाया तया शीतलम् इति । तरुमूलम् - तरोः मूलम्। प्रत्याह - प्रति + आह। भ्रष्टव्यम् - भ्रष्ट + तव्यत्। विघ्नितमनोरथः - विघ्नितः (विशेषेण हतः) मनोरथः यस्य सः इति। कालक्षेपम् - कालस्य क्षेपम्। पुत्रप्रीत्या - पुत्रवत् प्रीतिः, तया। निषिद्धः - नि + षिध् + क्त। उपजगाम - उप + गम् (लिट् लकारः, प्र.पु., एकवचनम्)। प्रथाम् - पृथ् + अण् + टाप्। व्यसनी - व्यसन + इनि प्रत्ययः।

परीक्षोपयोगि-प्रश्नाः -

1. एकपदेन उत्तरत -

(क) बालकः मानुषोचितं कथम् अवलोकयत् ?

(ख) विघ्नितमनोरथः कः आसीत् ?

2. पूर्णवाक्येन उत्तरत -

(क) बालकः विद्यालयं गन्तुं कुतः प्रेरणां प्राप्तवान् ?

(ख) विद्याध्ययनेन सः किं किं लेभे ?

3. निर्देशानुसारम् उत्तरत -

(क) 'यो मां पुत्रप्रीत्या पोषयति' इत्यत्र 'यः' इति सर्वनामपदस्थाने संज्ञापदस्य प्रयोगं कुरुत ।

(ख) 'महतीं वैदुषीं' इत्यनयोः पदयोः विशेष्यपदं चिनुत ।

(ग) अनुच्छेदे 'रे मानुषाणां मित्र !' इति सम्बोधनं कस्मै प्रयुक्तम् ?

(घ) अत्र 'सहते' इति क्रियापदस्य कर्ता कः अस्ति ?

सप्तमः उल्लासः

प्रत्यभिज्ञानम्

(1) मूलपाठः -

भटः - जयतु महाराजः ।

राजा - अपूर्व इव ते हर्षो ब्रूहि केनासि विस्मितः?

भटः - अश्रद्धेयं प्रियं प्राप्तं सौभद्रो ग्रहणं गतः॥

राजा - कथमिदानीं गृहीतः?

भटः - रथमासाद्य निश्शङ्कं बाहुभ्यामवतारितः।

(*प्रकाशम्*) इत इतः कुमारः।

अभिमन्युः - भोः को नु खल्वेषः? येन भुजैकनियन्त्रितो बलाधिकेनापि न पीडितः अस्मि।

शब्दार्थाः -

विस्मितः - आश्चर्यचकित। अश्रद्धेयम् - अकल्पनीय। निश्शङ्कम् - संकोचरहित। आसाद्य - पाकर। नियन्त्रितः - पकड़ लिया गया

हिन्दी अनुवाद -

भट - महाराज विजयी हो ।

राजा - आपकी प्रसन्नता अपूर्व (जो पहले नहीं देखी गई) है। कहिये, किस बात पर आश्चर्यचकित हो?

भट - अकल्पनीय प्रिय बात हो गई है । अभिमन्यु को पकड़ लिया गया है ।

राजा - वह किस प्रकार पकड़ा गया है ?

भट - रथ के पास जाकर बिना किसी संकोच के दोनों भुजाओं के सहारे उतार लिया गया ।

(सामने) इधर, इधर राजकुमार !

अभिमन्यु - अरे, यह कौन है, जिसने केवल बाहु से पकड़कर बलवान् होने पर भी पीड़ित नहीं किया है ?

विमर्श -

विराट् की गायों का अपहरण होने पर कौरवों के साथ विराट् के पुत्र उत्तर और अर्जुन आदि पाण्डवों का युद्ध होता है । इस युद्ध में भीम के द्वारा अभिमन्यु को पकड़ लिया जाता है । उसे विराट् के समक्ष प्रस्तुत किया जाता है । उक्त घटनाक्रम इसी प्रसंग में है ।

व्याकरणिक टिप्पणी -

रथमासाद्य - रथम् + आसाद्य। भुजैकनियन्त्रितः - भुजा + एक + नियन्त्रितः। निश्शङ्कम् - निः + शङ्कम्। विस्मितः - वि + स्मि + क्त। गतः - गम् + क्त। नियन्त्रितः - नि + यन्त्र + क्त। प्राप्तः - प्र + आप् + क्त

परीक्षोपयोगि-प्रश्नाः -

1. एकपदेन उत्तरत -

(क) कः विस्मितः ?

(ख) कः ग्रहणं गतः ?

2. पूर्णवाक्येन उत्तरत -

(क) अभिमन्युः कथम् अवतारितः ?

(ख) भटानुसारेण किं प्रियं प्राप्तम् ?

3. निर्देशानुसारम् उत्तरत -

(क) 'केनापि न पीडितः अस्मि।' - अस्मिन् वाक्ये क्रियापदं किम् अस्ति ?

(ख) 'त्यक्तः' इति पदस्य विलोमपदम् अनुच्छेदात् चित्वा लिखत ।

(ग) 'अस्मि' इति क्रियापदस्य कर्तृपदं किमस्ति ?

(घ) 'केनासि' इत्यत्र सर्वनामपदं किमस्ति ?

(2) मूलपाठः -

बृहन्नला - इत इतः कुमारः।

अभिमन्युः - अये! अयमपरः कः विभात्युमावेषमिवाश्रितो हरः।

बृहन्नला - आर्य, अभिभाषणकौतूहलं मे महत्। वाचालयत्वेनमार्यः।

भीमसेनः - (*अपवार्य*) बाढम् (*प्रकाशम्*) अभिमन्यो!

अभिमन्युः - अभिमन्युर्नाम?

भीमसेनः - रुष्यत्येष मया त्वमेवैनमभिभाषय।

बृहन्नला - अभिमन्यो!

अभिमन्युः - कथं कथम्। अभिमन्युर्नामाहम्। भोः! किमत्र विराटनगरे क्षत्रियवंशोद्भूताः नीचैः अपि नामभिः अभिभाष्यन्ते अथवा अहं शत्रुवशं गतः। अतएवतिरस्क्रियते।

बृहन्नला - अभिमन्यो! सुखमास्ते ते जननी?

अभिमन्युः - कथं कथम्? जननी नाम? किं भवान् मे पिता अथवा पितृव्यः? कथं मां पितृवदाक्रम्य स्त्रीगतां कथां पृच्छसे?

शब्दार्थाः -

विभाति - सुशोभित होता है। कौतूहलम् - जिज्ञासा। बाढम् - ठीक है। अभिभाषय - कहो। तिरस्क्रियते - अपमानित किया जा रहा है। पितृव्यः - चाचा। पृच्छसे - पूछते हो

हिन्दी अनुवाद -

बृहन्नला - इधर, इधर राजकुमार ।

अभिमन्यु - अरे ! पार्वती के शरीर पर आश्रित शिव के समान यह अन्य कौन सुशोभित हो रहा है ?

बृहन्नला - आर्य, मेरे अन्दर बात करने की अत्यधिक जिज्ञासा हो रही है । आर्य, इसे बोलने के लिए प्रेरित करें ।

भीमसेन - (दूर हटकर) ठीक है । (सामने) हे अभिमन्यु !

अभिमन्यु - अभिमन्यु, नाम ?

भीमसेन - यह मुझ पर क्रोधित है । आप ही इससे बात करें ।

बृहन्नला - हे अभिमन्यु !

अभिमन्यु - कैसे, कैसे? मैं अभिमन्यु हूँ। अरे, क्या यहाँ विराट् नगर में क्षत्रिय वंश में उत्पन्न व्यक्ति तुच्छ नामों के द्वारा बुलाये जाते हैं अथवा मैं शत्रु के वश में हूँ। अतः अपमानित किया जा रहा हूँ ।

बृहन्नला – अभिमन्यु ! क्या तुम्हारी माता कुशलपूर्वक हैं ?

अभिमन्यु – कैसे, कैसे ? माता ? क्या आप मेरे पिता अथवा चाचा हैं ? किस प्रकार मुझे पिता की तरह माता के बारे में प्रश्न कर रहे हैं ?

विमर्श –

राजा विराट् के समक्ष उपस्थित अभिमन्यु को भीमसेन द्वारा उसके नाम से बुलाया जाना अच्छा नहीं लगता है और वह स्वयं को अपमानित अनुभव करता है । भीमसेन, बृहन्नला और अभिमन्यु के बीच यह संवाद इसी प्रसंग में है ।

व्याकरणिक टिप्पणी –

विभात्युमावेषम् – विभाति + उमावेषम्। वाचालयत्वेनम् – वाचालयतु + एनम्। रुष्यत्येष – रुष्यति + एष। त्वमेवैनम् – त्वम् + एव + एनम्। तिरस्क्रियते – तिरस् (अव्यय) + कृ (आत्मनेपदी) लट् लकारः, प्र.पु. एकवचनम्। पृच्छसे – पृच्छ् (आत्मनेपदी) लट् लकारः, म.पु. एकवचनम्। आस्ते – आस् (आत्मनेपदी) लट् लकारः, प्र.पु. एकवचनम्

परीक्षोपयोगि-प्रश्नाः –

1. एकपदेन उत्तरत –

(क) कस्य अभिभाषणकौतूहलं महत् ?

(ख) 'सुखमास्ते जननी' इति प्रश्नं कः पृच्छति ?

2. पूर्णवाक्येन उत्तरत –

(क) बृहन्नलायाः जननीविषये कः प्रश्नः अस्ति ?

(ख) भीमसेनः अभिमन्युविषये किं कथयति ?

3. निर्देशानुसारम् उत्तरत –

(क) 'अहं शत्रुवशं गतः' इत्यस्मिन् वाक्ये 'गतः' इति क्रियापदस्य कर्तृपदं किमस्ति ?

(ख) 'स्त्रीगतां कथाम्' इत्यनयोः पदयोः विशेषणपदं किमस्ति ?

(ग) 'समीचीनम्' इत्यस्य पदस्य किं पर्यायपदम् अनुच्छेदे प्रयुक्तम् ?

(घ) 'उच्चैः' इत्यस्य पदस्य किं विलोमपदं प्रयुक्तम् ?

(3) मूलपाठः –

बृहन्नला – अभिमन्यो! अपि कुशली देवकीपुत्रः केशवः?

अभिमन्युः – कथं कथम्? तत्रभवन्तमपि नाम्ना। अथ किम् अथ किम्?

(*उभौ परस्परमवलोकयतः*)

अभिमन्युः – कथमिदानीं सावज्ञमिव मां हस्यते?

बृहन्नला – न खलु किञ्चित्।

पार्थं पितरमुद्दिश्य मातुलं च जनार्दनम्।
तरुणस्य कृतास्त्रस्य युक्तो युद्धपराजयः॥

अभिमन्युः – अलं स्वच्छन्दप्रलापेन! अस्माकं कुले आत्मस्तवं कर्तुमनुचितम् । रणभूमौ हतेषु शरान् पश्य, मदृते अन्यत् नाम न भविष्यति।

बृहन्नला – एवं वाक्यशौण्डीर्यम्। किमर्थं तेन पदातिना गृहीतः?

अभिमन्युः – अशस्त्रं मामभिगतः। पितरम् अर्जुनं स्मरन् अहं कथं हन्याम्। अशस्त्रेषु

मादृशाः न प्रहरन्ति। अतः अशस्त्रोऽयं मां वञ्चयित्वा गृहीतवान्।

राजा - त्वर्यतां त्वर्यतामभिमन्युः।

शब्दार्थाः -

कुशली - कुशल से। सावज्ञम् - अपमानपूर्वक। कृतास्त्रस्य - अस्त्रयुक्त। स्वच्छन्दप्रलापेन - इधर-उधर की बकवास से। पदातिना - पैदल यात्री द्वारा। अभिगतः - पास आया है हन्याम् - मार दूँ। प्रहरन्ति - प्रहार करते हैं

हिन्दी अनुवाद -

बृहन्नला - हे अभिमन्यु ! क्या देवकीपुत्र कृष्ण कुशल से हैं ?

अभिमन्यु - कैसे, कैसे ? क्या आप उनको भी नाम से ही ? और क्या ? और क्या ?

(दोनों परस्पर देखते हैं)

अभिमन्यु - यह मुझ पर अपमानपूर्वक हँस क्यों रहा है ?

बृहन्नला - नहीं, ऐसा नहीं है ।

पिता अर्जुन और मामा कृष्ण को उद्देश्य करके उस युवा तथा अस्त्रयुक्त की पराजय उचित है क्या ?

अभिमन्यु - इधर-उधर की बकवास बन्द करो । हमारे कुल में आत्मप्रशंसा करना अनुचित है । युद्धभूमि में मृतकों पर लगे हुए वाणों को देखो । मेरे अतिरिक्त दूसरा नाम नहीं होगा ।

बृहन्नला - वाणी की ऐसी वीरता ! तब एक पैदल ने तुम्हें कैसे पकड़ लिया ?

अभिमन्यु - बिना शस्त्र वह मेरे पास आया । पिता अर्जुन को याद करता हुआ मैं उसे कैसे मारता ? मेरे जैसे शस्त्ररहित व्यक्तियों पर प्रहार नहीं करते हैं । अतः शस्त्ररहित इस व्यक्ति ने धोखा देकर मुझे पकड़ लिया है ।

राजा - अभिमन्यु, शीघ्रता करो ।

विमर्श -

भीमसेन द्वारा अभिमन्यु को पकड़े जाने को लेकर बृहन्नला और अभिमन्यु के बीच यह संवाद हो रहा है। अभिमन्यु की गर्व से भरी हुई वाणी तथा क्षत्रियोचित वीरता मन्त्रमुग्ध करने वाली है।

व्याकरणिक टिप्पणी -

कृतास्त्रस्य - कृत + अस्त्रस्य। मदृते - मद् + ऋते। हस्यते - हस् (आत्मनेपदी) लट् लकारः, प्र.पु. एकवचनम्। मुक्तः - मुज् + क्त। कर्तुम् - कृ + तुमुन्। गृहीतः - ग्रह् + क्त। गृहीतवान् - ग्रह् + क्तवतु। त्वर्यताम् - त्वर् (आत्मनेपदी) लोट् लकारः, प्र.पु., एकवचनम्

परीक्षोपयोगि-प्रश्नाः -

1. एकपदेन उत्तरत -

(क) अस्माकं कुले किम् अनुचितम् ?

(ख) अभिमन्युः केन गृहीतः ?

2. पूर्णवाक्येन उत्तरत -

(क) अभिमन्युः कथं गृहीतः ?

3. निर्देशानुसारम् उत्तरत -

(क) 'स्वच्छन्दप्रलापेन' इत्यत्र विशेषणपदं किमस्ति ?

(ख) 'गृहीतवान्' इति क्रियापदस्य कर्तृपदं किमस्ति ?

(ग) 'वंशे' इत्यस्य पदस्य किं पर्यायपदम् अनुच्छेदे प्रयुक्तम् ?

(घ) 'त्वर्यताम्' इत्यस्मिन् पदे कः लकारः ?

(4) मूलपाठः -

बृहन्नला - इत इतः कुमारः। एष महाराजः। उपसर्पतु कुमारः।

अभिमन्युः - आः। कस्य महाराजः?

राजा - एह्येहि पुत्र! कथं न मामभिवादयसि? (*आत्मगतम्*) अहो! उत्सिक्तः खल्वयं क्षत्रियकुमारः। अहमस्य दर्पप्रशमनं करोमि। (*प्रकाशम्*) अथ केनायं गृहीतः?

भीमसेनः - महाराज! मया।

अभिमन्युः - अशस्त्रेणेत्यभिधीयताम्।

भीमसेनः - शान्तं पापम्। धनुस्तु दुर्बलैः एव गृह्यते। मम तु भुजौ एव प्रहरणम्।

अभिमन्युः - मा तावद् भोः ! किं भवान् मध्यमः तातः यः तस्य सदृशं वचः वदति।

भगवान् - पुत्र! कोऽयं मध्यमो नाम?

अभिमन्युः - योक्त्रयित्वा जरासन्धं कण्ठश्लिष्टेन बाहुना।
असह्यं कर्म तत् कृत्वा नीतः कृष्णोऽतदर्हताम्॥

राजा - न ते क्षेपेण रुष्यामि, रुष्यता भवता रमे।
किमुक्त्वा नापराद्धोऽहं, कथं तिष्ठति यात्विति॥

शब्दार्थाः -

उपसर्पतु - पास आयें। उत्सिक्तः - घमण्ड में चूर। प्रशमनम् - शान्ति। अभिधीयताम् - कहना चाहिए। प्रहरणम् - शस्त्र। योक्त्रयित्वा - तोड़कर। श्लिष्टेन - बँधा हुआ। क्षेपेण - अपमान के द्वारा। यातु - जाओ

हिन्दी अनुवाद -

बृहन्नला - राजकुमार, इधर । ये महाराज हैं । कुमार इनके पास आओ ।

अभिमन्यु - आह ! किसका महाराज ?

राजा - आओ, आओ, पुत्र ! मेरा अभिवादन क्यों नहीं करते हो ? (मन ही मन में) अरे ! यह क्षत्रिय कुमार गर्व में चूर है । मैं इसके घमण्ड को शान्त करता हूँ । (सामने) इसे किसने पकड़ा ?

भीमसेन - महाराज ! मैंने ।

अभिमन्यु - बिना अस्त्र के (पकड़ लिया) - ऐसा कहना चाहिए ।

भीमसेन - पाप शान्त हो । दुर्बल व्यक्ति ही धनुष ग्रहण किया करते हैं। भुजायें ही मेरा शस्त्र हैं।

अभिमन्यु - ऐसा नहीं है । क्या आप मझले चाचा हैं, जो उनके समान वचन बोल रहे हैं ?

भगवान् - पुत्र ! ये मझले कौन हैं ?

अभिमन्यु - भुजा के द्वारा कण्ठ को दबाकर, जरासन्ध को बाँधकर वीरता का कार्य किया है । इससे कृष्ण की असमर्थता प्रकट होती है ।

राजा - तुम्हारी निन्दा द्वारा कुपित नहीं होता हूँ, क्रोधित होते हुए तुम्हारे द्वारा प्रसन्न होता हूँ । क्यों खड़े हो ? चले जाओ - ऐसा कहूँ तो क्या मैं तुम्हारा अपराध नहीं कर रहा हूँ ?

विमर्श -

विराट् के समक्ष बृहन्नला, भीमसेन एवम् अभिमन्यु का संवाद योद्धाओं, क्षत्रियों की सहज वीरता का प्रदर्शन है । अभिमन्यु की वीरता सबका मन मुग्ध कर रही है ।

व्याकरणिक टिप्पणी -

उपसर्पतु - उप + सृप् (लोट् लकार, प्र.पु., एकवचन)। एहि - आङ् + इहि (लोट् लकार, प्र.पु., एकवचन)। अभिवादयसि - अभि + वद् + णिच् (लट् लकार, म.पु., एकवचन)। उत्सिक्तः - उद् + सिच् + क्त। अभिधीयताम् - अभि + धी (आत्मनेपदी, लोट् लकार, प्र.पु., एकवचन)

गृह्यते - ग्रह् (आत्मनेपदी, लट् लकार, प्र.पु., एकवचन)

परीक्षोपयोगि-प्रश्नाः -

1. एकपदेन उत्तरत -

(क) धनुस्तु कैः गृह्यते ?

(ख) कः दर्पप्रशमनं कर्तुमिच्छति ?

2. पूर्णवाक्येन उत्तरत -

(क) भीमसेनः धनुर्विषये किं कथयति ?

(ख) राजा कथं न रुष्यति ?

3. निर्देशानुसारम् उत्तरत -

(क) 'अहमस्य दर्पप्रशमनं करोमि' इत्यत्र 'अहम्' इति कर्तृपदस्य क्रियापदं किमस्ति ?

(ख) 'असह्यं कर्म' इत्यत्र विशेष्यपदं किमस्ति ?

(ग) 'प्रसीदामि' इत्यस्य पदस्य किं विलोमपदम् अनुच्छेदे प्रयुक्तम् ?

(घ) 'बाहुना' इत्यस्मिन् पदे का विभक्तिः ?

(5) मूलपाठः -

अभिमन्युः - यद्यहमनुग्राह्यः -

पादयोः समुदाचारः क्रियतां निग्रहोचितः।
बाहुभ्यामाहृतं भीमः बाहुभ्यामेव नेष्यति।।

(ततः प्रविशत्युत्तरः)

उत्तरः - तात! अभिवादये!

राजा - आयुष्मान् भव पुत्र। पूजिताः कृतकर्माणो योधपुरुषाः।

उत्तरः - पूज्यतमस्य क्रियतां पूजा।

राजा - पुत्र! कस्मै?

उत्तरः - इहात्रभवते धनञ्जयाय।

राजा - कथं धनञ्जयायेति?

उत्तरः - अथ किम्

श्मशानाद्धनुरादाय तूणीराक्षयसायके।
नृपा भीष्मादयो भग्ना वयं च परिरक्षिताः।।

शब्दार्थाः -

अनुग्राह्यः - कृपा करने योग्य। समुदाचारः - श्रेष्ठ / सम्यक् आचरण। निग्रहोचितः - उचित दण्ड। अभिवादये - अभिवादन करता हूँ कृतकर्माणः - कर्म किया जा चुका है। योधपुरुषाः - योद्धा पुरुष। तूणीर - तरकस। सायक - बाण। भग्नाः - पराजित कर दिये गये

हिन्दी अनुवाद -

अभिमन्यु - यदि मैं कृपा के योग्य हूँ -

तो मेरे पैरों में बेड़ी डालकर उचित दण्ड के रूप में सम्यक् आचरण कीजिये । बाहुओं से अपहृत मुझे भीम भुजाओं से ही ले जायेगा ।

(उत्तर प्रवेश करता है)

उत्तर - पिताजी ! मैं अभिवादन करता हूँ ।

राजा - आयुष्मान् बनो । पुत्र ! योद्धाओं का सत्कार किया जा चुका है ।

उत्तर - सबसे अधिक सम्माननीय व्यक्ति का सत्कार किया जाये ।

राजा - पुत्र, किसका ?

उत्तर - श्रीमान् धनञ्जय का ।

राजा - धनञ्जय का किसलिये ?

उत्तर - और क्या ? श्रीमान् ने -

श्मशान से धनुष को तथा अक्षय तीरों वाले तरकस को लेकर भीष्म आदि राजाओं को पराजित किया है और हमारी रक्षा की है ।

विमर्श -

भीमसेन के द्वारा अपहृत कर लाये हुए अभिमन्यु के विराट् के साथ चल रहे संवाद के बीच विराट् के पुत्र उत्तर की उपस्थिति घटनाक्रम में नाटकीय मोड़ लाती है । इससे नाट्य की परिणति सुखद होने की संभावना बनती है ।

व्याकरणिक टिप्पणी -

क्रियताम् - कृ (आ०) लोट् ल०, प्र.पु., एक०। निग्रहोचितः -निग्रह + उचितः

परीक्षोपयोगि-प्रश्नाः -

1. एकपदेन उत्तरत -

(क) के पूजिताः ?

(ख) कस्मै पूजा क्रियताम् ?

2. पूर्णवाक्येन उत्तरत -

(क) अभिमन्योः किं कथनमस्ति ?

3. निर्देशानुसारम् उत्तरत -

(क) 'पूजिताः कृतकर्माणो योधपुरुषाः' इत्यस्मिन् वाक्ये क्रियापदं किमस्ति ?

(ख) 'वयं च परिरक्षिताः' इत्यस्मिन् वाक्ये कर्तृपदं किमस्ति ?

(6) मूलपाठः -

राजा - एवमेतत्।

उत्तरः - व्यपनयतु भवाञ्छङ्काम्। अयमेव अस्ति धनुर्धरः धनञ्जयः।

बृहन्नला - यद्यहं अर्जुनः तर्हि अयं भीमसेनः अयं च राजा युधिष्ठिरः।

अभिमन्युः - इहात्रभवन्तो मे पितरः। तेन खलु ...

न रुष्यन्ति मया क्षिप्ता हसन्तश्च क्षिपन्ति माम्।
दिष्ट्या गोग्रहणं स्वन्तं पितरो येन दर्शिताः॥

(इति क्रमेण सर्वान् प्रणमति, सर्वे च तम् आलिङ्गन्ति।)

शब्दार्थाः -

व्यपनयतु - दूर करो। क्षिप्ताः - आक्षेप किये जाने पर। दिष्ट्या - भाग्यवश। गोग्रहणम् - गायों का अपहरण। स्वन्तम् - अच्छा अन्त। दर्शिताः - दिखा दिये गये हैं

हिन्दी अनुवाद -

राजा - ऐसा है यह ।

उत्तर - आप शंका को दूर करें । ये धनुर्धर धनञ्जय ही हैं ।

बृहन्नला - यदि मैं अर्जुन हूँ तो ये भीम हैं और ये राजा युधिष्ठिर हैं ।

अभिमन्यु - आप मेरे पिता लोग हैं । अतः मेरे निन्दा वचनों के द्वारा ये क्रोधित नहीं होते हैं और हँसते हुए मुझे चिढ़ाते हैं । सौभाग्य से गायों के अपहरण का अन्त सुन्दर रहा, जिसने मुझे पिता लोगों से मिला दिया ।

विमर्श -

भारतीय नाटकों की यह शैली है कि वे प्रायः सुखान्त ही होते हैं । अज्ञातवास में रह रहे पाण्डवों का भेद खुल जाना अभिमन्यु की प्रसन्नता का कारण बनता है ।

व्याकरणिक टिप्पणी -

भवाञ्छङ्काम् - भवान् + शङ्काम्

प्रणमति - प्र + नम् (लट् लकार, प्र.पु., एकवचन)

परीक्षोपयोगि-प्रश्नाः -

1. एकपदेन उत्तरत -

(क) कया गोग्रहणम् अभवत् ?

(ख) पितरो केन दर्शिताः ?

2. पूर्णवाक्येन उत्तरत -

(क) अत्र कति पाण्डवाः सन्ति ?

3. निर्देशानुसारम् उत्तरत -

(क) 'धनुर्धरः धनञ्जयः' इत्यनयोः पदयोः विशेषणपदं किमस्ति ?

(ख) 'पितरो येन दर्शिताः' इत्यस्मिन् वाक्ये क्रियापदं किमस्ति ?

अष्टमः उल्लासः

लौहतुला

(1) मूलपाठः -

आसीत् कस्मिंश्चिद् अधिष्ठाने जीर्णधनो नाम वणिक्पुत्रः। स च विभवक्षयाद्देशान्तरं गन्तुमिच्छन् व्यचिन्तयत्-

यत्र देशेऽथवा स्थाने भोगा भुक्ताः स्ववीर्यतः।
तस्मिन् विभवहीनो यो वसेत् स पुरुषाधमः॥

तस्य च गृहे लौहघटिता पूर्वपुरुषोपार्जिता तुलासीत्। तां च कस्यचित् श्रेष्ठिनो गृहे निक्षेपभूतां कृत्वा देशान्तरं प्रस्थितः। ततः सुचिरं कालं देशान्तरं यथेच्छया भ्रान्त्वा पुनः स्वपुरमागत्य तं श्रेष्ठिनमुवाच-''भोः श्रेष्ठिन्! दीयतां मे सा निक्षेपतुला।'' स आह-''भोः! नास्ति सा, त्वदीया तुला मूषकैर्भक्षिता'' इति। जीर्णधन आह-''भोः श्रेष्ठिन्! नास्ति दोषस्ते, यदि मूषकैर्भक्षितेति। ईदृगेवायं संसारः। न किञ्चिदत्र शाश्वतमस्ति। परमहं नद्यां स्नानार्थं गमिष्यामि। तत् त्वमात्मीयं शिशुमेनं धनदेवनामानं मया सह स्नानोपकरणहस्तं प्रेषय'' इति। स श्रेष्ठी स्वपुत्रमुवाच-''वत्स! पितृव्योऽयं तव, स्नानार्थं यास्यति, तद् गम्यतामनेन सार्धम्'' इति। अथासौ वणिक्शिशुः स्नानोपकरणमादाय प्रहृष्टमनाः तेन अभ्यागतेन सह प्रस्थितः। तथानुष्ठिते स वणिक् स्नात्वा तं शिशुं गिरिगुहायां प्रक्षिप्य, तद्द्वारं बृहच्छिलयाच्छाद्य सत्त्वरं गृहमागतः।

शब्दार्थाः -

अधिष्ठाने - स्थान पर। विभवः - धन-सम्पत्ति। भुक्ताः - भोगे गये। स्ववीर्यतः - अपने पराक्रम के द्वारा। अधमः - नीच। शाश्वतम् - स्थायी। उपकरणम् - सामग्री। अभ्यागतेन - अतिथि के द्वारा। प्रक्षिप्य - रखकर। आच्छाद्य - ढककर। सत्वरम् - शीघ्र

हिन्दी अनुवाद -

किसी स्थान पर जीर्णधन नाम वाला एक वणिक्पुत्र (बनिये का पुत्र) रहता था । अपना धन नष्ट हो जाने पर दूसरे देश में जाने की इच्छा करता हुआ वह सोचने लगा -

''जिस देश अथवा स्थान पर अपने पराक्रम से भोगों का भोग किया हो, उस स्थान पर निर्धन होकर जो रहता है, वह व्यक्तियों में नीच कहलाता है ।''

उसके घर में लोहे से बनी हुई पूर्वजों के द्वारा अर्जित की गयी एक तराजू थी । उसे किसी सेठ के घर में धरोहर रखकर दूसरे देश को चला गया । तब अत्यधिक समय तक अन्य देश में इच्छा के अनुसार भ्रमण करके पुनः अपने नगर को जाकर उस सेठ को कहने लगा - ''हे सेठ ! धरोहर में रखी हुई मेरी वह तराजू दे दीजिये ।'' वह बोला - ''अरे ! वह तो नहीं है । तुम्हारी तराजू चूहे के द्वारा खा ली गयी है ।''

वह सेठ अपने पुत्र से बोला - ''यह तुम्हारे चाचा हैं । नहाने के लिए जा रहे हैं । अतः इनके साथ जाओ । तब वह बनिये का पुत्र स्नान की सामग्री लेकर प्रसन्न मन से उस अतिथि के साथ चल पड़ा । वैसा होने पर वह बनिया स्नान करके उस बच्चे को पर्वत की गुफा में रखकर, उसके द्वार को विशाल पत्थर से ढककर शीघ्र घर को आ गया ।

व्याकरणिक टिप्पणी -

स्नात्वा - स्ना + क्त्वा। प्रक्षिप्य - प्र + क्षिप् + ल्यप्। भ्रान्त्वा - भ्रम् + क्त्वा

परीक्षोपयोगि-प्रश्नाः -

1. एकपदेन उत्तरत -

(क) वणिक्पुत्रस्य किं नाम आसीत् ?

(ख) जीर्णधनः कुत्र प्रस्थितः ?

(ग) तुला कैः भक्षिता ?

(घ) वणिक्पुत्रः शिशुं कुत्र प्रक्षिप्य गृहमागतः ?

2. पूर्णवाक्येन उत्तरत -

(क) वणिक्पुत्रं किमर्थं देशान्तरं गन्तुमिच्छति ?

(ख) जीर्णधनः स्वपुरमागत्य तं श्रेष्ठिनं किम् उवाच ?

3. निर्देशानुसारम् उत्तरत -

(क) 'सत्वरं गृहमागतः' इत्यस्मिन् वाक्ये क्रियापदं किमस्ति ?

(ख) 'परमहं नद्यां स्नानार्थं गमिष्यामि' इत्यस्मिन् वाक्ये कर्तृपदं किमस्ति ?

(ग) 'आगतः' इत्यस्य विलोमपदं गद्यांशे किं प्रयुक्तम् ?

(घ) 'तं शिशुम्' अनयोः पदयोः सर्वनामपदं किमस्ति ?

(2) मूलपाठः -

पृष्टश्च तेन वणिजा-''भोः! अभ्यागत! कथ्यतां कुत्र मे शिशुर्यस्त्वया सह नदीं गतः''? इति। स आह-''नदीतटात्स श्येनेन हृतः'' इति। श्रेष्ठ्याह - ''मिथ्यावादिन्! किं क्वचित् श्येनो बालं हर्तुं शक्नोति? तत् समर्पय मे सुतम् अन्यथा राजकुले निवेदयिष्यामि।'' इति।

स आह-''भोः सत्यवादिन्! यथा श्येनो बालं न नयति, तथा मूषका अपि लौहघटितां तुलां न भक्षयन्ति। तदर्पय मे तुलाम्, यदि दारकेण प्रयोजनम्।'' इति।

एवं विवदमानौ तौ द्वावपि राजकुलं गतौ। तत्र श्रेष्ठी तारस्वरेण प्रोवाच-"भोः! अब्रह्मण्यम्! अब्रह्मण्यम्! मम शिशुरनेन चौरेणापहृतः'' इति।

अथ धर्माधिकारिणस्तमूचुः-''भोः! समर्प्यतां श्रेष्ठिसुतः''।

स आह-''किं करोमि? पश्यतो मे नदीतटाच्छ्येनेन अपहृतः शिशुः''। इति।

तच्छ्रुत्वा ते प्रोचुः-भोः! न सत्यमभिहितं भवता-किं श्येनः शिशुं हर्तुं समर्थो भवति?

स आह-भोः भोः! श्रूयतां मद्वचः-

तुलां लौहसहस्रस्य यत्र खादन्ति मूषकाः।
राजन्तत्र हरेच्छ्येनो बालकं, नात्र संशयः॥

ते प्रोचुः-''कथमेतत्''।

ततः स श्रेष्ठी सभ्यानामग्रे आदितः सर्वं वृत्तान्तं निवेदयामास। ततस्तैर्विहस्य द्वावपि तौ परस्परं संबोध्य तुला-शिशु-प्रदानेन सन्तोषितौ।

शब्दार्थाः -

अभ्यागतः - अतिथि। श्येनेन - बाज से। हृतः - हरण कर लिया गया। दारकेण - बच्चे से तारस्वरेण - कातर स्वर से। अब्रह्मण्यम् - घोर अन्याय। अभिहितम् - कहा। आदितः - प्रारम्भ से सम्बोध्य - समझा-बुझा कर

<u>हिन्दी अनुवाद -</u>

तब वणिक् ने पूछा–''हे अतिथि! बताइये, मेरा बच्चा कहाँ है जो तुम्हारे साथ नदी पर गया था?''

वह बोला – ''नदी के तट से एक बाज ने अपहरण कर लिया है ।''

सेठ बोला – ''मिथ्यावादी ! क्या कोई बाज बच्चे का अपहरण कर सकता है ? मेरा पुत्र मुझे सौंप दो अथवा राजदरबार में निवेदन करूँगा ।''

वह बोला – ''अरे सत्यवादी ! जैसे बाज बच्चे को नहीं ले जाता है, वैसे ही लोहे से बनी हुयी तराजू को चूहे नहीं खा सकते हैं। इसलिए मेरा तराजू मुझे दे दो यदि बच्चे से आपका प्रयोजन है ।''

इस प्रकार विवाद करते हुए दोनों राजदरबार में पहुँच गये । वहाँ सेठ कातर स्वर में बोला – ''अरे, अन्याय है, घोर अन्याय है । मेरा बच्चा इस चोर ने हरण कर लिया है ।''

तब न्यायाधिकारी उससे बोले – ''अरे ! सेठ का बच्चा सौंप दो ।''

वह कहने लगा –''क्या करूँ? मेरे देखते हुए नदीतट से बाज ने बच्चे का अपहरण कर लिया है ।''

यह सुनकर वे बोले – ''अरे, आपने सत्य नहीं कहा है । क्या बाज बच्चे को चुरा लेने में समर्थ होता है ?''

उसने कहा – ''मेरी बात सुनें । जहाँ सहस्र लोहे से बनी हुयी तराजू को चूहे खा लेते हों, हे राजन् ! वहाँ बच्चे का अपहरण बाज कर ले, तो इसमें आश्चर्य नहीं है ।''

वे कहने लगे – ''कैसे ?''

तब उस सेठ ने उन सज्जनों के सामने प्रारम्भ से अन्त तक का सारा वृत्तान्त कहा । तब उन्होंने (धर्माधिकारियों ने) हँसकर, उन दोनों को समझाकर तराजू और बच्चे का परस्पर आदान–प्रदान करवाकर सन्तुष्ट कर दिया ।

व्याकरणिक टिप्पणी -

शिशुर्यस्त्वया– शिशुः + यः + त्वया। श्रेष्ठ्याह– श्रेष्ठी + आह। विवदमानौ– वि + वद् + शानच्

परीक्षोपयोगि-प्रश्नाः -

1. एकपदेन उत्तरत -

(क) विवदमानौ तौ द्वावपि कुत्र गतौ ?

(ख) धर्माधिकारिणः तं किमूचुः ?

2. पूर्णवाक्येन उत्तरत -

(क) वणिजः जीर्णधनं किम् अपृच्छत् ?

(ख) जीर्णधनः वणिजं किम् उत्तरत ?

3. निर्देशानुसारम् उत्तरत -

(क) 'त्वया सह नदीं गतः' इत्यस्मिन् वाक्ये क्रियापदं किम् अस्ति ?

(ख) 'श्येनः बालं न नयति' इत्यत्र कर्तृपदं किम् अस्ति ?

(ग) 'लौहघटितां तुलाम्' अनयोः पदयोः विशेष्यपदं किमस्ति ?

(घ) 'असमर्थः' इत्यस्य पदस्य किं विलोमपदं गद्यांशे प्रयुक्तम् ?

नवमः उल्लासः

सिकतासेतुः

<u>(1) मूलपाठः -</u>

(*ततः प्रविशति तपस्यारतः तपोदत्तः*)

तपोदत्तः - अहमस्मि तपोदत्तः। बाल्ये पितृचरणैः क्लेश्यमानोऽपि विद्यां नाऽधीतवानस्मि। तस्मात् सर्वैः कुटुम्बिभिः मित्रैः ज्ञातिजनैश्च गर्हितोऽभवम्।

(*ऊर्ध्वं निःश्वस्य*)

हा विधे! किमिदम्मया कृतम्? कीदृशी दुर्बुद्धिरासीत्तदा! एतदपि न चिन्तितं यत्-

परिधानैरलङ्कारैर्भूषितोऽपि न शोभते।
नरो निर्मणिभोगीव सभायां यदि वा गृहे॥1॥

(*किञ्चिद् विमृश्य*)

भवतु, किमेतेन? दिवसे मार्गभ्रान्तः सन्ध्यां यावद् यदि गृहमुपैति तदपि वरम्। नाऽसौ भ्रान्तो मन्यते। एष इदानीं तपश्चर्यया विद्यामवाप्तुं प्रवृत्तोऽस्मि।

(*जलोच्छलनध्वनिः श्रूयते*)

अये कुतोऽयं कल्लोलोच्छलनध्वनिः? महामत्स्यो मकरो वा भवेत्। पश्यामि तावत्।

(*पुरुषमेकं सिकताभिः सेतुनिर्माण-प्रयासं कुर्वाणं दृष्ट्वा सहासम्*)

हन्त! नास्त्यभावो जगति मूर्खाणाम्! तीव्रप्रवाहायां नद्यां मूढोऽयं सिकताभिः सेतुं निर्मातुं प्रयतते!

(*साट्टहासं पार्श्वमुपेत्य*)

भो महाशय! किमिदं विधीयते! अलमलं तव श्रमेण। पश्य,

रामो बबन्ध यं सेतुं शिलाभिर्मकरालये।
विदधद् बालुकाभिस्तं यासि त्वमतिरामताम्॥2॥

चिन्तय तावत्। सिकताभिः क्वचित्सेतुः कर्तुं युज्यते?

<u>शब्दार्थाः -</u>

क्लेश्यमानः - कष्ट दिया जाता हुआ। गर्हितः - अपमानित। ज्ञातिजनैः - जाति के लोगों के द्वारा। भूषितः - सुशोभित। परिधानैः - वस्त्रों द्वारा। भोगी - सर्प। मार्गभ्रान्तः - रास्ता भटका हुआ। अवाप्तुम् - प्राप्त करने के लिए। कल्लोलः - लहरें। उच्छलनम् - उछलना। सिकताभिः - बालू से। जगति - संसार में। बबन्ध - बाँधा। मकरालये - समुद्र में

<u>हिन्दी अनुवाद -</u>

(तपस्यारत तपोदत्त प्रवेश करता है) तपोदत्त -

मैं तपोदत्त हूँ । बाल्यकाल में पिताजी द्वारा कष्ट दिये जाने (अध्ययन हेतु ताड़ित किये जाने) पर भी मैंने विद्या प्राप्त नहीं की । इसलिए मैं सभी परिवारजनों, मित्रों एवं सजातीय लोगों द्वारा अपमानित हुआ हूँ ।

(ऊपर की ओर श्वास छोड़कर)

हे विधाता ! मेरे द्वारा यह क्या किया गया? तब कैसी दुर्बुद्धि थी। इस पर विचार नहीं किया कि -

वस्त्र और आभूषणों द्वारा सुशोभित व्यक्ति भी मणिरहित सर्प की तरह सभा अथवा घर में शोभा नहीं पाता है।

(कुछ विचार कर)

अच्छा, ठीक है । इससे क्या ? प्रात:काल मार्ग भूला हुआ यदि सायंकाल घर आ जाता है, तो वह भी ठीक है । वह भूला हुआ नहीं माना जाता है । मैं तपस्या के द्वारा अब विद्या प्राप्त करने में लग गया हूँ।

(जल के उछलने की ध्वनि सुनाई पड़ती है)

अरे, यह लहरों के उछलने की आवाज़ कहाँ से है ? कोई बड़ी मछली या मगरमच्छ है। देखता हूँ ।

(बालू के द्वारा पुल के निर्माण का प्रयास करते हुए एक व्यक्ति को देखकर हँसी के साथ)

अरे, इस संसार में मूर्खों की कमी नहीं है । तेज धारा वाली नदी में यह व्यक्ति (मूर्ख) बालू के द्वारा पुल बनाने का प्रयत्न करता है ।

(अट्टहास के साथ पास जाकर)

अरे महोदय, क्या किया जा रहा है ? अपने परिश्रम से बस करो ।

देखो,

राम ने समुद्र पर शिलाओं के द्वारा जिस पुल को बनाया, उस पुल को तुम बालू से बनाते हुए राम (के बनाये पुल) से बड़ा बना रहे हो । जरा सोचो ! बालू के द्वारा क्या पुल भी बनाया जा सकता है ?

विमर्श -

जीवन में कम परिश्रम से सफलता / विद्या / समृद्धि प्राप्त करने का दिवा स्वप्न देखने वालों के लिए यह कथा बड़ी ही सटीक है । सही मार्ग से ही लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है, यह बात तपोदत्त बालू से पुल बनाने वाले के सन्दर्भ में तो समझता है, लेकिन स्वयं के सन्दर्भ में नहीं । वास्तव में मूर्ख वही है जो आत्ममूल्याङ्कन न कर दूसरों के कार्यों की समीक्षा करता रहता है ।

व्याकरणिक टिप्पणी -

गर्हितोऽभवम् - गर्हित: + अभवम्। उपैति - उप + एति। अवाप्तुम् - अव + आप् + तुमुन्। कुर्वाणम् - कृ + शानच्। प्रयतते - प्र + यत् (आत्मनेपदी) लट् लकार:, प्र.पु., एकवचनम्

परीक्षोपयोगि-प्रश्ना: -

1. एकपदेन उत्तरत -

(क) तपोदत्त: कां न अधीतवान् ?

(ख) मार्गभ्रान्त: सन्ध्यां कुत्र उपैति ?

2. पूर्णवाक्येन उत्तरत -

(क) तपोदत्त: किमर्थं गर्हित: अभवत् ?

(ख) पुरुषमेक: किं कुर्वाणम् आसीत् ?

3. निर्देशानुसारम् उत्तरत -

(क) 'विद्यां न अधीतवान्' - अस्मिन् वाक्ये किं क्रियापदम् ?

(ख) 'किमिदम्मया कृतम्' - अस्मिन् वाक्ये कर्तृपदं किमस्ति ?

(ग) 'विदग्धानाम्' इति पदस्य किं विलोमपदं गद्यांशे प्रयुक्तम् ?

(घ) 'संसारे' इत्यस्य पदस्य किं पर्यायपदं गद्यांशे प्रयुक्तम् ?

(2) मूलपाठ: -

पुरुष: - भोस्तपस्विन्! कथं मामुपरुणत्सि। प्रयत्नेन किं न सिद्धं भवति? कावश्यकता शिलानाम्?

सिकताभिरेव सेतुं करिष्यामि स्वसंकल्पदृढतया।

तपोदत्तः - आश्चर्यम्! सिकताभिरेव सेतुं करिष्यसि? सिकता जलप्रवाहे स्थास्यन्ति किम्? भवता चिन्तितं न वा?

पुरुषः - (*सोत्प्रासम्*) चिन्तितं चिन्तितम्। सम्यक् चिन्तितम्। नाहं सोपानमार्गैरट्टमधिरोढुं विश्वसिमि। समुत्प्लुत्यैव गन्तुं क्षमोऽस्मि।

तपोदत्तः - (*सव्यङ्ग्यम्*) साधु साधु! आञ्जनेयमप्यतिक्रामसि!

पुरुषः - (*सविमर्शम्*) कोऽत्र सन्देहः? किञ्च,

विना लिप्यक्षरज्ञानं तपोभिरेव केवलम्।
यदि विद्या वशे स्युस्ते, सेतुरेष तथा मम॥3॥

तपोदत्तः - (*सवैलक्ष्यम् आत्मगतम्*)

अये! मामेवोद्दिश्य भद्रपुरुषोऽयम् अधिक्षिपति! नूनं सत्यमत्र पश्यामि। अक्षरज्ञानं विनैव वैदुष्यमवाप्तुम् अभिलषामि! तदियं भगवत्याः शारदाया अवमानना। गुरुगृहं गत्वैव विद्याभ्यासो मया करणीयः। पुरुषार्थैरेव लक्ष्यं प्राप्यते।

(*प्रकाशम्*)

भो नरोत्तम! नाऽहं जाने यत् कोऽस्ति भवान्। परन्तु भवद्भिः उन्मीलितं मे नयनयुगलम्। तपोमात्रेण विद्यामवाप्तुं प्रयतमानोऽहमपि सिकताभिरेव सेतुनिर्माणाय प्रयासं करोमि। तदिदानीं विद्याध्ययनाय गुरुकुलमेव गच्छामि।

(*सप्रणामं गच्छति*)

शब्दार्थाः -

उपरुणत्सि - रोकते हो। सोत्प्रासम् - खिल्ली उड़ाते हुए। अधिरोढुम् - चढ़ने में। समुत्प्लुत्यैव - उछलकर ही। अतिक्रामसि - अतिक्रमण करते हो। अधिक्षिपति - निन्दा कर रहा है

हिन्दी अनुवाद -

पुरुष - अरे तपस्वी ! मुझे क्यों रोक रहे हो ? प्रयत्न के द्वारा क्या सिद्ध नहीं होता है ? पत्थरों की क्या आवश्यकता ? अपने संकल्प की दृढ़ता से बालू के द्वारा ही पुल बनाऊंगा ।

तपोदत्त - आश्चर्य ! क्या बालू के द्वारा ही पुल बनाओगे ? क्या बालू जल के प्रवाह में टिक पायेगा? आपने इस पर विचार किया है अथवा नहीं ?

पुरुष - (खिल्ली उड़ाते हुए) विचार कर लिया, विचार कर लिया । ठीक से विचार कर लिया । मैं सीढ़ियों के द्वारा अटारी पर चढ़ने में विश्वास नहीं रखता। मैं उछलकर ही अटारी पर जाने में समर्थ हूँ ।

तपोदत्त - (व्यङ्ग्य के साथ) ठीक है, ठीक है । हनुमान् जी को भी पीछे छोड़ दिया है ।

पुरुष - (सोचकर) क्या सन्देह है ?

यदि लिपि और अक्षर ज्ञान के बिना केवल तपस्या के द्वारा विद्या तुम्हारे वश में हो जायेगी तो मेरा पुल भी उस प्रकार ही बन जायेगा ।

तपोदत्त - (लज्जा के साथ / मन ही मन में) अरे, मुझे उद्देश्य करके यह व्यक्ति निन्दा कर रहा है। इस विषय में अवश्य ही सत्य देख रहा हूँ । मैं अक्षरज्ञान के बिना ही विद्या प्राप्त करना चाहता हूँ ।

यह देवी सरस्वती का अपमान है । गुरु के घर जाकर ही मुझे विद्याभ्यास करना चाहिए । पुरुषार्थ से ही लक्ष्य की प्राप्ति होती है ।

(सामने)

हे श्रेष्ठ पुरुष ! मैं नहीं जानता कि आप कौन हैं ? परन्तु आपने मेरे नेत्र खोल दिये हैं । मात्र तप के द्वारा विद्या प्राप्त करने के लिए प्रयत्न करता हुआ मैं भी बालू के द्वारा पुल निर्माण का प्रयास कर रहा हूँ । अब विद्याध्ययन के लिए गुरुकुल में ही जाता हूँ ।

(प्रणाम करके चला जाता है)

व्याकरणिक टिप्पणी -

कावश्यकता - का + आवश्यकता। समुत्प्लुत्यैव - सम् + उत्प्लुत्य + एव। लिप्यक्षरज्ञानम् - लिपि + अक्षरज्ञानम्। उपरुणत्सि - उप + रुध् (लट् लकारः, म.पु., एकवचनम्)। अधिरोढुम् - अधि + रुह् + तुमुन्। प्रयतमानः - प्र + यत् + शानच्

परीक्षोपयोगि-प्रश्नाः -

1. एकपदेन उत्तरत -

(क) कार्यं केन सिद्धं भवति ?

(ख) पुरुषः सिकताभिः किं करिष्यति ?

(ग) तदियं कस्याः अवमानना ?

(घ) लक्ष्यं कैः प्राप्यते ?

2. पूर्णवाक्येन उत्तरत -

(क) पुरुषः किं कर्तुं न विश्वसिति ?

(ख) तपोदत्तः सवैलक्ष्यम् आत्मगतं किं चिन्तयति ?

3. निर्देशानुसारम् उत्तरत -

(क) 'नूनं सत्यमत्र पश्यामि' - अस्मिन् वाक्ये क्रियापदं किमस्ति ?

(ख) 'सम्यक् चिन्तितम्' - अनयोः पदयोः किं विशेषणपदम् अस्ति ?

(ग) 'विद्याभ्यासो मया करणीयः' इत्यस्मिन् वाक्ये सर्वनामपदं किम् ?

(घ) 'निमीलितम्' इत्यस्य पदस्य विलोमपदं गद्यांशे किमस्ति ?

दशमः उल्लासः

जटायोः शौर्यम्

(1) मूलपाठः -

सा तदा करुणा वाचो विलपन्ती सुदु:खिता।
वनस्पतिगतं गृध्रं ददर्शायतलोचना ॥1॥
जटायो पश्य मामार्य ह्रियमाणामनाथवत्।
अनेन राक्षसेन्द्रेण करुणं पापकर्मणा ॥2॥
तं शब्दमवसुप्तस्तु जटायुरथ शुश्रुवे।
निरीक्ष्य रावणं क्षिप्रं वैदेहीं च ददर्श सः ॥3॥

अन्वयः -

तदा सुदु:खिता, करुणाः, वाचः विलपन्ती, आयतलोचना सा वनस्पतिगतं गृध्रं ददर्श ॥1॥

(सा उक्तवती यत्) (हे) आर्य जटायो ! अनेन पापकर्मणा राक्षसेन्द्रेण अनाथवत् ह्रियमाणां मां करुणं पश्य॥2॥

अथ सः अवसुप्तः जटायुः तु तं शब्दं शुश्रुवे, रावणं निरीक्ष्य क्षिप्तं वैदेहीं ददर्श च ॥3॥

शब्दार्थाः -

करुणाः वाचः विलपन्ती - आर्त शब्दों के द्वारा विलाप करती हुई। आयतलोचना - बड़ी-बड़ी आँखों वाली वनस्पतिगतम् - विशाल वृक्ष पर बैठे। गृध्रम् - गिद्ध को। ददर्श - देखा। पापकर्मणा - पापी के द्वारा ह्रियमाणाम् - अपहरण की जाती हुई। करुणं पश्य - दयापूर्वक देखो। अवसुप्त - तन्द्रामग्न। शुश्रुवे - सुना। निरीक्ष्य - देखकर। क्षिप्तम् - शीघ्र ही। वैदेहीं ददर्श - सीता को देखा

हिन्दी अनुवाद -

तब वह दु:खी सीता करुण शब्दों के द्वारा विलाप करती हुई जंगल के बीच स्थित (जटायु) नामक गिद्धराज को विशाल नयनों से देखा ॥1॥

(वह बोली कि) हे आर्य जटायु ! इस पापी राक्षसराज रावण के द्वारा अपहरण की जाती हुई मुझे अनाथ स्त्री को दयापूर्वक देखो ॥2॥

उसके बाद, निद्रा में मग्न जटायु ने (सीता के) उस (विलाप) शब्द को सुना और उसने रावण को देखकर शीघ्र ही सीता को देखा ॥3॥

विमर्श -

आदिकवि महर्षि वाल्मीकि के द्वारा विरचित रामायण के अरण्यकाण्ड से उद्धृत इस पाठ्यांश में पञ्चवटी-स्थित गिद्धराज जटायु माँ सीता को रावण के चंगुल से छुड़ाने का भरसक प्रयास करता है।

व्याकरणिक टिप्पणी -

विलपन्ती - वि + लप् + शतृ + ङीप्। आयतलोचना - आयते लोचने यस्याः सा (बहुव्रीहि)। ददर्श - दृश् + लिट् लकार। वनस्पतिगतम् - वनस्पतिं गतम् (द्वितीया तत्पुरुष)। पापकर्मणा - पापानि कर्माणि यस्य सः (बहुव्रीहि)। राक्षसेन्द्रेण - राक्षसानाम् इन्द्रेण (षष्ठी तत्पुरुष)। ह्रियमाणाम् - हृ + कर्म में यक् + शानच् + टाप्। शुश्रुवे - श्रु + लिट्। निरीक्ष्य - निर् + ईक्ष् + ल्यप्

परीक्षोपयोगि-प्रश्नाः -

1. एकपदेन उत्तरत -

(क) सा कं ददर्श ?

(ख) कीदृशेन राक्षसेन्द्रेण ह्रियमाणाम् ?

2. पूर्णवाक्येन उत्तरत -

(क) जटायुः किं शुश्रुवे ?

(ख) सा सीता गृध्रं किम् उवाच ?

3. निर्देशानुसारम् उत्तरत -

(क) 'पुण्यकर्मणा' इत्यस्य किं विलोपपदम् अत्र प्रयुक्तम् ?

(ख) 'अवसुप्तः जटायुः' इत्यत्र किं विशेषणम् ?

(ग) 'शुश्रुवे' इति क्रियायाः कर्ता कः ?

(2) मूलपाठः -

ततः पर्वतशृङ्गाभस्तीक्ष्णतुण्डः खगोत्तमः।
वनस्पतिगतः श्रीमान्व्याजहार शुभां गिरम् ॥4॥
निवर्तय मतिं नीचां परदाराभिमर्शनात्।
न तत्समाचरेद्धीरो यत्परोऽस्य विगर्हयेत् ॥5॥
वृद्धोऽहं त्वं युवा धन्वी सरथः कवची शरी।
न चाप्यादाय कुशली वैदेहीं मे गमिष्यसि ॥6॥

अन्वयः -

ततः वनस्पतिगतः पर्वतशृङ्गाभः तीक्ष्णतुण्डः श्रीमान् खगोत्तमः शुभां गिरं व्याजहार ॥4॥

(हे राक्षसराज! स्वीयां) नीचां मतिं परदाराभिमर्शनात् निवर्तय, धीरः तत् न समाचरेत्, यत् अस्य परः विगर्हयेत् ॥5॥

(यद्यपि) अहं वृद्धः, त्वं (च) सरथः, कवची, शरी, युवा, अपि च मे (जीवतः) (त्वं) वैदेहीम् आदाय कुशली न गमिष्यसि ॥6॥

शब्दार्थाः -

ततः - उसके बाद। पर्वतशृङ्गाभः - पहाड़ की चोटी जैसा आकार वाला। तीक्ष्णतुण्डः - नुकीली चोंच वाला। श्रीमान् - तेजस्वी। खगोत्तमः - पक्षिराज जटायु। शुभां गिरम् - कल्याणकारी वचन। व्याजहार - बोला

हिन्दी अनुवाद -

उसके बाद विशाल वृक्ष पर बैठे पहाड़ की चोटी जैसे आकार वाला वह तेजस्वी पक्षिराज जटायु कल्याणकारी वाणी में रावण से बोला ॥4॥

हे रावण ! अपनी नीच बुद्धि को परायी स्त्री के स्पर्श वाले विचार से दूर हटा लो । एक विद्वान् व्यक्ति को चाहिये कि वह वैसा कार्य न करे जिससे दूसरे सामाजिक जन उसकी निन्दा करें ॥5॥

(इस प्रकार समझाने के बाद रावण पर उसका तनिक भी प्रभाव न देखते हुए क्रुद्ध हुआ जटायु बोला) (हे रावण !) यद्यपि मैं वृद्ध हो गया हूँ और तुम युवा और रथ, कवच, धनुष-बाण आदि से सज्जित हो तथापि तुम मेरे जीते जी माँ सीता को लेकर सकुशल नहीं जा सकोगे ।

व्याकरणिक टिप्पणी -

पर्वतशृङ्गाभः - पर्वतस्य शृङ्गं, पर्वतशृङ्गं तस्य आभा इव आभा यस्य सः (बहुव्रीहि) तीक्ष्णतुण्डः - तीक्ष्णं तुण्डं यस्य सः (बहुव्रीहि)। खगोत्तमः - खगानाम् उत्तमः (षष्ठी तत्पुरुष)। व्याजहार - वि + आ + हृ (लिट् लकार)। वृद्धोऽहम् - वृद्धः + अहम्। कवची - कवच + इनि। शरी - शर + इनि

<u>परीक्षोपयोगि-प्रश्नाः -</u>

1. एकपदेन उत्तरत -

(क) खगोत्तमः कीदृशीं गिरं व्याजहार ?

(ख) रावणः कस्मात् मतिं निवर्तयेत् ?

2. पूर्णवाक्येन उत्तरत -

(क) जटायुः रावणं किम् अबोधयत् ?

(ख) क्रुद्धः जटायुः रावणं किम् अतर्जयत् ?

3. निर्देशानुसारम् उत्तरत -

(क) 'यत् परोऽस्य विगर्हयेत्' इत्यत्र 'अस्य' इति सर्वनाम कस्मै प्रयुक्तम् ?

(ख) 'चञ्चुः' इत्यर्थे अत्र किं पदं प्रयुक्तम् ?

(ग) 'मूर्खः' इत्यस्य विलोमपदं चिनुत ।

(घ) 'मतिं नीचाम्' इत्यत्र विशेषणपदं किम् ?

(3) मूलपाठः -

तस्य तीक्ष्णनखाभ्यां तु चरणाभ्यां महाबलः।
चकार बहुधा गात्रे व्रणान्पतगसत्तमः ॥7॥
ततोऽस्य सशरं चापं मुक्तामणिविभूषितम्।
चरणाभ्यां महातेजा बभञ्जास्य महद्धनुः ॥8॥
स भग्नधन्वा विरथो हताश्वो हतसारथिः।
अङ्केनादाय वैदेहीं पपात भुवि रावणः ॥9॥
संपरिष्वज्य वैदेहीं वामेनाङ्केन रावणः।
तलेनाभिजघानाशु जटायुं क्रोधमूर्च्छितः ॥10॥
जटायुस्तमतिक्रम्य तुण्डेनास्य खगाधिपः।
वामबाहून्दश तदा व्यपाहरदरिन्दमः ॥11॥

अन्वयः -

(इत्युक्त्वा) महाबलः पतगसत्तमः तु तीक्ष्णनखाभ्यां चरणाभ्यां तस्य गात्रे बहुधा व्रणान् चकार ॥7॥

ततः महातेजाः महद्धनुः (जटायुः) अस्य मुक्तामणिविभूषितं सशरं चापं चरणाभ्यां बभञ्ज ॥8॥

(अथ) सः भग्नधन्वा हताश्वः हतसारथिः विरथः रावणः अङ्केन वैदेहीम् आदाय भुवि पपात ॥9॥

(ततः) क्रोधमूर्च्छितः रावणः वामेन अङ्केन वैदेहीम् आशु संपरिष्वज्य जटायुं तलेन अभिजघान ॥10॥

(तदा) अरिन्दमः खगाधिपः जटायुः तम् अतिक्रम्य अस्य दश वामबाहून् व्यपाहरत् ॥11॥

शब्दार्थाः -

पतगसत्तमः - पक्षिराज जटायु। तीक्ष्णनखाभ्यां चरणाभ्याम् - तीखे नाखूनों वाले पंजों से। गात्रे - शरीर में। व्रणान् - घाव। चकार -किया। महातेजाः - तेजस्वी। महद्धनुः - बड़ी ठोढ़ी वाला जटायु। चापम्

– धनुष को। बभञ्ज – तोड़ डाला। भग्नधन्वा – टूटा हुआ धनुष वाला। हताश्वः – मारा गया घोड़ा वाला। हतसारथिः – मारा गया सारथि वाला। विरथः – रथहीन। अङ्केन – गोद में भुवि पपात – ज़मीन पर आ गिरा। क्रोधमूर्च्छितः – गुस्से से अन्धा होकर। आशु संपरिष्वज्य – शीघ्रता पूर्वक पकड़कर। तलेन अभिजघान – तलवार से जटायु पर प्रहार किया। अरिन्दमः – शत्रुओं का दमन करनेवाला। तम् अतिक्रम्य – उस रावण को चकमा देकर उसके प्रहार से बचते हुए। दशवाणबाहून् – रावण के बायीं तरफ वाली दस भुजाओं को। व्यपाहरत् – उखाड़ डाला

हिन्दी अनुवाद –

(पूर्वोक्त गर्जना के बाद) उस महाबलशाली पक्षिराज जटायु ने अपनी तीखे नाखून वाले पंजो से रावण के शरीर में अनेक बार घाव कर उसे घायल कर दिया । फिर तेजस्वी जटायु ने मोती की मालाओं से सुसज्जित उसके तीर-कमान को तोड़ डाला । (इस प्रकार) टूटे हुए धनुष वाला एवं मारे गये घोड़े व सारथि वाला रथविहीन रावण गोद में सीता को उठाकर ज़मीन पर जा गिरा । उसके बाद अत्यन्त क्रोधित हुए रावण ने सीता को बायीं तरफ गोद में पकड़ कर जटायु पर तलवार से प्रहार किया । फिर शत्रुदमनकारी पक्षिराज जटायु ने उस प्रकार से अपने आप को बचाते हुए उसकी दस बायीं भुजाओं को उखाड़ डाला ।

विमर्श –

पक्षिराज जटायु भारतीय सांस्कृतिक परम्परा में स्त्रीसम्मान की रक्षा हेतु अपने प्राण न्यौछावर करने वाले एक अमर व्यक्तित्व हैं। वे बाद में सीता को ढूंढते हुए आये श्रीराम जी को रावण के द्वारा सीता के अपहरण के विषय में सूचना देकर अपने प्राण त्याग देते हैं ।

व्याकरणिक टिप्पणी –

महाबलः – महद् बलं यस्य सः (बहुव्रीहि)। पतगसत्तमः – पतगानां सत्तमः (ष.तत्.)
तीक्ष्णनखाभ्याम् – तीक्ष्णाः नखाः ययोः, तौ (चरणौ) (बहु.)। सशरम् – शरेण सहितम् बभञ्ज – भञ्ज्, लिट् लकार। भग्नधन्वा – भग्नं धनुः यस्य। विरथः – विघटितः रथः यस्य । पपात – पत्, लिट् लकार। क्रोधमूर्च्छितः – क्रोधेन मूर्च्छितः । अभिजघान – अभि + हन्, लिट् लकार। अरिन्दमः – अरीन् दमयति। अतिक्रम्य – अति + क्रम् + ल्युट् । व्यपाहरत् – वि + अप + हृ, लङ् लकार

परीक्षोपयोगि-प्रश्नाः –

1. एकपदेन उत्तरत –

(क) जटायुः काभ्यां गात्रे व्रणं चकार ?

(ख) जटायुः अस्य किं बभञ्ज ?

2. पूर्णवाक्येन उत्तरत –

(क) विरथः रावणः किम् अकरोत् ?

(ख) क्रोधमूर्च्छितः रावणः किं कृतवान् ?

3. निर्देशानुसारम् उत्तरत –

(क) 'व्रणान् चकार' इति क्रियापदस्य कर्ता कः ?

(ख) शरीरशब्दस्य पर्यायपदं पाठात् चिनुत ।

(ग) 'स भग्नधन्वा' इत्यत्र 'सः' इति सर्वनाम कस्मै प्रयुक्तम् ?

(घ) 'अरिन्दमः' इति पदं कस्य विशेषणम् ?

एकादशः उल्लासः

पर्यावरणम्

(1) मूलपाठः -

प्रकृतिः समेषां प्राणिनां संरक्षणाय यतते। इयं सर्वान् पुष्णाति विविधैः प्रकारैः, तर्पयति च सुखसाधनैः। पृथिवी, जलं, तेजो, वायुः, आकाशश्चास्याः प्रमुखानि तत्त्वानि। तान्येव मिलित्वा पृथक्तया वाऽस्माकं पर्यावरणं रचयन्ति। आव्रियते परितः समन्तात् लोकोऽनेनेति पर्यावरणम्। यथाऽजातश्शिशुः मातृगर्भे सुरक्षितस्तिष्ठति तथैव मानवः पर्यावरणकुक्षौ । परिष्कृतं प्रदूषणरहितं च पर्यावरणमस्मभ्यं सांसारिकं जीवनसुखं, सद्विचारं, सत्यसङ्कल्पं, माङ्गलिकसामग्रीञ्च प्रददाति। प्रकृतिकोपैः आतङ्कितो जनः किं कर्तुं प्रभवति? जलप्लावनैः, अग्निभयैः, भूकम्पैः, वात्याचक्रैः, उल्कापातादिभिश्च सन्तप्तस्य मानवस्य क्व मङ्गलम्?

शब्दार्थाः -

यतते - प्रयास करती है। तर्पयति - तृप्त करती है। आव्रियते - आवरण करती है (ढँक लेती है)। कुक्षौ - गोद में। वात्याचक्रैः - आंधी-तूफान। सन्तप्तः - दुःखी। मङ्गलम् - कल्याण

हिन्दी अनुवाद -

प्रकृति सभी प्राणियों की रक्षा का प्रयत्न करती है । यह सभी का अनेक प्रकार से पोषण करती है तथा सुख-साधनों से तृप्त करती है। इसके प्रमुख तत्त्व हैं - पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु तथा आकाश। ये (सभी) मिलकर अथवा अलग-अलग हमारे पर्यावरण का निर्माण करते हैं । जिसके द्वारा संसार चारों ओर से आच्छादित किया जाता है, उसे पर्यावरण कहते हैं । जिस प्रकार अजन्मा शिशु माता के गर्भ में सुरक्षित होता है उसी प्रकार मानव, पर्यावरण की गोद में (सुरक्षित) होता है । शुद्ध तथा प्रदूषणरहित पर्यावरण हमें सांसारिक जीवन की सुख-सुविधाएँ, अच्छे विचार, सत्य संकल्प तथा मांगलिक (कल्याण करने वाली) वस्तुएँ देता है । प्रकृति के कोप से भयत्रस्त मनुष्य क्या कर सकता है ? बाढ़ से, अग्निप्रकोप से, भूकम्प से, आंधी-तूफान से तथा उल्का आदि के गिरने से दुःखी मनुष्य का कल्याण कहाँ है ? अर्थात् कहीं नहीं है ।

विमर्श -

इस लघु निबन्ध में पर्यावरण का अर्थ स्पष्ट किया गया है । स्वच्छ एवं शुद्ध पर्यावरण से जीवन सुखी होता है । शुद्ध पर्यावरण में हमारे मन में अच्छे विचारों का उदय होता है । शुद्ध मन से हम सांसारिक कल्याण के लिए संकल्प लेते हैं । शुद्ध वायु, शुद्ध जल इत्यादि से स्वतः ही प्राणिमात्र का कल्याण होता है ।

व्याकरणिक टिप्पणी -

प्रकृतिः - प्र + कृ + क्तिन्। यतते - यत् धातुः, लट्, प्र.पु. एकवचन। आव्रियते - आङ् + वृ + णिच् + लट्। अजातश्शिशुः - अजातः + शिशुः । न जातः अजातः। जलप्लावनैः - जलस्य प्लावनं, तैः। अग्निभयैः - अग्नेः भयं, तैः। वात्याचक्रैः - वातानां समूहः वात्या, वात्यायाः चक्रः, तैः। प्लावनम् - प्लु + णिच् + ल्युट्

परीक्षोपयोगि-प्रश्नाः -

1. एकपदेन उत्तरत -

(क) प्रकृतिः किमर्थं यतते ?

(ख) मानवः कुत्र सुरक्षितः तिष्ठति ?

2. पूर्णवाक्येन उत्तरत -

(क) प्रदूषणरहितं पर्यावरणम् अस्मभ्यं किं किं ददाति ?

(ख) कैः प्रकृतिकोपैः मानवः सन्तप्तो भवति ?

3. निर्देशानुसारम् उत्तरत -

(क) 'विविधैः सुखसाधनैः' इत्यत्र विशेषणपदं चिनुत ।

(ख) 'प्रकृतिः........यतते ।' इत्यत्र 'यतते' इति क्रियायाः कर्तृपदं चिनुत ।

(ग) 'शुद्धम्' इत्यर्थे कः शब्दः अनुच्छेदे प्रयुक्तः ?

(घ) 'तानि' इति सर्वनामपदं कस्मै प्रयुक्तम् ?

(2) मूलपाठः -

अतएव प्रकृतिरस्माभिः रक्षणीया। तेन च पर्यावरणं रक्षितं भविष्यति। प्राचीनकाले लोकमङ्गलाशंसिन ऋषयो वने निवसन्ति स्म। यतो हि वने एव सुरक्षितं पर्यावरणमुपलभ्यते स्म। विविधा विहगाः कलकूजितैस्तत्र श्रोत्ररसायनं ददति। सरितो गिरिनिर्झराश्च अमृतस्वादु निर्मलं जलं प्रयच्छन्ति। वृक्षा लताश्च फलानि पुष्पाणि इन्धनकाष्ठानि च बाहुल्येन समुपहरन्ति। शीतलमन्दसुगन्धवनपवना औषधकल्पं प्राणवायुं वितरन्ति। परन्तु स्वार्थान्धो मानवस्तदेव पर्यावरणमद्य नाशयति। स्वल्पलाभाय जना बहुमूल्यानि वस्तूनि नाशयन्ति। यन्त्रागाराणां विषाक्तं जलं नद्यां निपात्यते येन मत्स्यादीनां जलचराणां च क्षणेनैव नाशो जायते। नदीजलमपि तत्सर्वथाऽपेयं जायते। वनवृक्षा निर्विवेकं छिद्यन्ते व्यापारवर्धनाय, येन अवृष्टिः प्रवर्धते, वनपशवश्च शरणरहिता ग्रामेषु उपद्रवं विदधति। शुद्धवायुरपि वृक्षकर्तनात् सङ्कटापन्नो जातः। एवं हि स्वार्थान्धमानवैर्विकृतिमुपगता प्रकृतिरेव तेषां विनाशकर्त्री सञ्जाता। पर्यावरणे विकृतिमुपगते जायन्ते विविधा रोगा भीषणसमस्याश्च। तत्सर्वमिदानीं चिन्तनीयं प्रतिभाति।

शब्दार्थाः -

लोकमङ्गलाशंसिनः - संसार (लोक) का कल्याण चाहने वाले। कलकूजितैः - मधुर कूजन (बोली) से श्रोत्ररसायनम् - कानों को अच्छा लगने वाला रस (कानों के लिए अमृत)। निर्झरा - झरना। अमृतस्वादु - अमृत के समान स्वादिष्ट। इन्धनकाष्ठानि - इन्धन के लिए लकड़ी। समुपहरन्ति - बाँटते हैं। यन्त्रागारम् - कारखानों का। निर्विवेकम् - बिना विचार किए। विदधति - करते हैं। विकृतिमुपगता - विकारयुक्त।

हिन्दी अनुवाद -

इसीलिए हमें प्रकृति की रक्षा करनी चाहिए । उससे (केवल) पर्यावरण की रक्षा हो जाएगी । प्राचीनकाल में लोक का कल्याण चाहने वाले ऋषिगण, वन में रहते थे । क्योंकि वन में ही सुरक्षित पर्यावरण प्राप्त होता था । वहाँ अनेक पक्षी (अपने) मधुर कूजन से कानों को रस (मधुरवाणी) प्रदान करते हैं । नदियाँ और पहाड़ी झरने अमृत के समान स्वादिष्ट, निर्मल जल प्रदान करते हैं । वृक्ष और लताएँ बहुत मात्रा में फल तथा फूल एवं ईन्धन के लिए लकड़ी देते हैं । शीतल-मन्द और सुगन्धित जंगल की पवन (हमारे लिए) औषधि के समान प्राणवायु बाँटती है। परन्तु स्वार्थ में अन्धा मनुष्य आज पर्यावरण को नष्ट कर रहा है । थोड़े लाभ के लिए लोग कीमती वस्तुओं को नष्ट कर देते हैं । कारखानों का विषैला जल नदियों में फेंका जाता है जिससे मछलियों तथा (अन्य)

जल-जीवों का क्षण भर में ही नाश हो जाता है । नदियों का जल भी बिल्कुल (पीने योग्य नहीं रहता) अपेय हो जाता है । व्यापार को बढ़ाने के लिए बिना विचारे वनों के वृक्ष काटे जाते हैं, जिससे अवृष्टि में वृद्धि होती है । (ऐसे में) शरणरहित वन के पशु गाँवों में उपद्रव (उछल-कूद) करते हैं । वृक्ष काटने से शुद्ध वायु भी संकटयुक्त (दुर्लभ) हो गई है । इस प्रकार स्वार्थ से अन्धे मनुष्यों के द्वारा विकृत हुई प्रकृति ही उनकी विनाशकर्त्री हो गई है । पर्यावरण में विकार आने पर अनेक रोग और भयानक समस्याएँ उत्पन्न हो जाती हैं । (अतः) अब यह सब (चिन्ता का विषय) चिन्तनीय प्रतीत हो रहा है ।

विमर्श -

वन में सुरक्षित पर्यावरण प्राप्त होता था । पक्षियों का मधुर स्वर में कूजना, नदियाँ पहाड़ी झरनों का अमृत के समान स्वादिष्ट जल, वृक्ष, लता, फल-फूल, शीतल-मन्द-सुगन्धित वायु, ये सब हमारे लिए यथोचित देते रहे । परन्तु स्वार्थ के वशीभूत मानव ने ही इन वनों को काटना शुरु किया । नदियों में दूषित जल फेंका तो इसके दुष्परिणामों से अवृष्टि, अशुद्ध वायु, दूषित जल आदि समस्याएँ उतपन्न हुई । तथा प्रकृति भी जो संरक्षिका थी वह विनाशकर्त्री हो गई ।

व्याकरणिक टिप्पणी -

रक्षणीया - रक्ष् + अनीयर्। आशंसिनः - आशंसितुं शीलं यस्य, इनि प्रत्ययः। श्रोत्ररसायनम् - श्रोत्राणां रसायनम्। निर्झराश्च - निर्झराः च। शीतलमन्दसुगन्धपवनाः - शीतलः च मन्दः च सुगन्धः च वनस्य पवनः। अमृतस्वादुः - अमृतादपि स्वादुः। इन्धनकाष्ठानि - इन्धनाय काष्ठानि। स्वार्थान्धः - स्वार्थ + अन्धः। क्षणेनैव - क्षणेन + एव। अवृष्टिः - न वृष्टिः। सङ्कटापन्नः - सङ्कटम् आपन्नः इति । आङ् + पत् + क्त

परीक्षोपयोगि-प्रश्नाः -

1. एकपदेन उत्तरत -

(क) सुरक्षितं पर्यावरणं कुत्र उपलभ्यते स्म ?

(ख) स्वार्थान्धो मानवः किं नाशयति ?

2. पूर्णवाक्येन उत्तरत -

(क) पर्यावरणं कथं सुरक्षितं भविष्यति ?

(ख) वनवृक्ष-कर्तनेन कीदृशः संकटः जातः ?

3. निर्देशानुसारम् उत्तरत -

(क) 'लोकमङ्गलाशंसिनः ऋषयः' इत्यत्र विशेषणपदं किमस्ति ?

(ख) 'विविधाः .... ददति ।' - इत्यत्र 'ददति'-क्रियायाः कर्तृपदं लिखत ।

(ग) 'दूषितम्' इत्यर्थे किं पदम् अनुच्छेदे प्रयुक्तम् ?

(घ) 'आहरन्ति' इति पदस्य किं विपर्ययपदम् अत्र प्रयुक्तम् ?

(3) मूलपाठः -

धर्मो रक्षति रक्षितः इत्यार्षवचनम्। पर्यावरणरक्षणमपि धर्मस्यैवाङ्गमिति ऋषयः प्रतिपादितवन्तः। तत एव वापीकूपतडागादिनिर्माणं देवायतनविश्रामगृहादिस्थापनञ्च धर्मसिद्धेः स्रोतोरूपेणाङ्गीकृतम्। कुक्कुरसूकरसर्पनकुलादिस्थलचरा, मत्स्यकच्छपमकरप्रभृतयो

जलचराश्चापि रक्षणीयाः, यतस्ते स्थलमलापनोदिनो जलमलापहारिणश्च। प्रकृतिरक्षयैव सम्भवति लोकरक्षेति न संशयः।

शब्दार्थाः -

आर्षवचनम् - ऋषियों के वचन। देवायतनम् - मन्दिर। स्थलचराः - भूमि पर रहने वाले। प्रभृतिः - इत्यादि/से लेकर शुरु करके। स्थलमल - पृथ्वी की मलिनता अपनोदिनः - दूर करने वाले।

हिन्दी अनुवाद -

रक्षा किया गया धर्म, रक्षा करता है - ये ऋषियों के वचन हैं । पर्यावरण की रक्षा करना भी धर्म का ही अङ्ग है, ऐसा ऋषियों ने प्रतिपादित (बताया है) किया है । अतः बावड़ी, कूएँ, तालाब आदि का निर्माण तथा मन्दिर एवं विश्रामगृह इत्यादि की स्थापना, धर्मसिद्धि के साधन के रूप में माने गए हैं । कुत्ते, सूअर, साँप, नेवला आदि भूमि पर रहने वाले (थलचर) तथा मछली, कछुए, मगरमच्छ इत्यादि जलचरों की भी रक्षा करनी चाहिए । क्योंकि ये (सभी) भूमि की तथा जल की मलिनता को दूर करनेवाले हैं । इसमें कोई सन्देह नहीं कि प्रकृति की रक्षा से ही संसार की रक्षा हो सकती है ।

विमर्श -

'धर्मो रक्षति रक्षितः' अर्थात् रक्षित धर्म रक्षा करता है, इस पंक्ति के उदाहरण से स्पष्ट किया गया है कि हम प्रकृति की रक्षा करें तो वह भी हमारी रक्षा करेगी । जिस प्रकार वापी, तालाब आदि बनाना धर्म कहा गया है उसी प्रकार जलचर व स्थलचरों की रक्षा करना भी मानवधर्म हैं, क्योंकि इनसे प्रकृति की सुरक्षा होती है।

व्याकरणिक टिप्पणी -

रक्षितः - रक्ष् + क्त। इत्यार्षः - इति + आर्षः। धर्मस्यैव - धर्मस्य + एव। रक्षणीयाः - रक्ष् + अनीयर्। प्रभृति - प्र + भृ + क्तिन्। अपनोदिनः - अप + नुद् + घञ्, इत्यनेन अपनोदः, अपनोद + इनि - अपनोदी

परीक्षोपयोगि-प्रश्नाः -

1. एकपदेन उत्तरत -

(क) आर्षवचनं किमस्ति ?

(ख) लोकरक्षा कया संभवति ?

2. पूर्णवाक्येन उत्तरत -

(क) ऋषयः किं प्रतिपादितवन्तः ?

(ख) धर्मसिद्धेः स्रोतरूपेण किम् अङ्गीक्रियते ?

3. निर्देशानुसारम् उत्तरत -

(क) 'ते' इति सर्वनामपदस्थाने संज्ञापदस्य प्रयोगं कुरुत ।

(ख) 'पर्यावरण..........प्रतिपादितवन्तः' इत्यत्र कर्तृपदं किमस्ति ?

(ग) 'देवालयः' इत्यर्थे किं पदमत्र प्रयुक्तम् ?

(घ) 'त्रायते' इत्यर्थे कस्य क्रियापदस्य अत्र प्रयोगः कृतः ?

द्वादशः उल्लासः

वाङ्मनःप्राणस्वरूपम्

(1) मूलपाठः -

श्वेतकेतुः - भगवन्! श्वेतकेतुरहं वन्दे।
आरुणिः - वत्स! चिरञ्जीव।
श्वेतकेतुः - भगवन्! किञ्चित्प्रष्टुमिच्छामि।
आरुणिः - वत्स! किमद्य त्वया प्रष्टव्यमस्ति?
श्वेतकेतुः - भगवन्! प्रष्टुमिच्छामि किमिदं मनः?
आरुणिः - वत्स! अशितस्यान्नस्य योऽणिष्ठः तन्मनः।
श्वेतकेतुः - कश्च प्राणः?
आरुणिः - पीतानाम् अपां योऽणिष्ठः स प्राणः।
श्वेतकेतुः - भगवन्! केयं वाक्?
आरुणिः - वत्स! अशितस्य तेजसा योऽणिष्ठः सा वाक्। सौम्य! मनः अन्नमयं, प्राणः आपोमयः, वाक् च तेजोमयी भवति इत्यप्यवधार्यम्।

शब्दार्थाः -

वन्दे - वन्दना / प्रणाम करता हूँ किञ्चित् प्रष्टुमिच्छामि - कुछ पूछना चाहता हूँ प्रष्टव्यमस्ति - पूछना है। वत्स - बेटा। प्राणः - हृदयस्थ श्वासवायु। अशितस्य - खाया गया। अणिष्ठः - सूक्ष्मतम। सौम्य - सज्जन। अन्नमयम् - अन्न से निर्मित। आपोमय - जलरूप। तेजोमयी - तेजस्विनी। अपाम् - जलों का। वाक् - वाणी। अवधार्यम् - याद रखना चाहिए

हिन्दी अनुवाद -

श्वेतकेतु - हे ज्ञानेश्वर गुरुवर, मैं श्वेतकेतु, आपकी वन्दना करता हूँ ।
आरुणि - पुत्र ! दीर्घायु हो !
श्वेतकेतु - हे प्रभु ! मैं कुछ पूछना चाहता हूँ ।
आरुणि - पुत्र, आज तुम्हें क्या पूछना है ?
श्वेतकेतु - हे प्रभु, पूछना चाहता हूँ कि यह मन क्या है ?
आरुणि - पुत्र, खाये गये अन्न का जो सूक्ष्मतम (रूप) है, वही मन है ।
श्वेतकेतु - और प्राण क्या है ?
आरुणि - पीये गये तरलपदार्थों का जो सूक्ष्मतम रूप है वह प्राण (हृदयस्थ श्वासवायु) है ।
श्वेतकेतु - हे प्रभु, वाणी किसे कहते हैं ?
आरुणि - पुत्र, खाये हुए अन्न या ग्रहण की गयी ऊर्जा का जो सूक्ष्मतम तेजोमय रूप है, वही वाणी है। हे सज्जन, मन अन्नमय, प्राण जलमय तथा वाणी तेजोमय होते हैं - यह भी याद रखना चाहिये ।

विमर्श -

छान्दोग्य उपनिषद् के छठे अध्याय के पञ्चम खण्ड पर आधारित इस पाठ में मन, प्राण और वाणी के स्वरूपों का वैज्ञानिक विवेचन महर्षि आरुणि के द्वारा प्रस्तुत किया गया है ।

व्याकरणिक टिप्पणी -

श्वेतकेतुरहम् - श्वेतकेतुः + अहम्। वन्दे - वन्द् धातुः + लट् लकारः। चिरञ्जीव - चिरं + जीव

प्रष्टुम् – प्रच्छ् + तुमुन्। प्रष्टव्यम् – प्रच्छ् + तव्यत्। अशितस्य – अश् + क्त। अणिष्ठः – अणु + इष्ठन्। पीत – पा + क्त। अपाम् – अप्, षष्ठी, बहुवचनम्। केयम् – का + इयम्। अन्नमयम् – अन्न + मयट् (विकार के अर्थ में मयट्)। आपोमयम् – आपः + मयट्। तेजोमयम् – तेजः + मयट्

परीक्षोपयोगि-प्रश्नाः –

1. एकपदेन उत्तरत –

(क) श्वेतकेतुः कं वन्दते ?

(ख) अन्नस्य कः भागः मनः ?

2. पूर्णवाक्येन उत्तरत –

(क) प्राणः कः ?

(ख) मनः, प्राणः, वाक् च किम्मयानि ?

3. निर्देशानुसारम् उत्तरत –

(क) 'त्वया प्रष्टव्यम्' इत्यत्र 'त्वया' इति सर्वनाम कस्मै प्रयुक्तम् ?

(ख) 'पीतानाम् अपाम्' इत्यत्र विशेषणं किम् ?

(ग) 'विस्मार्यम्' इत्यत्र किं विलोमपदम् अत्र प्रयुक्तम् ?

(घ) 'सूक्ष्मतमः' इत्यर्थे पर्यायपदं चित्वा लिखत ।

(2) मूलपाठः –

श्वेतकेतुः – भगवन्! भूय एव मां विज्ञापयतु।

आरुणिः – सौम्य! सावधानं शृणु। मथ्यमानस्य दध्नः योऽणिमा, स ऊर्ध्वः समुदीषति। तत्सर्पिः भवति।

श्वेतकेतुः – भगवन्! व्याख्यातं भवता घृतोत्पत्तिरहस्यम्। भूयोऽपि श्रोतुमिच्छामि।

आरुणिः – एवमेव सौम्य! अश्यमानस्य अन्नस्य योऽणिमा, स ऊर्ध्वः समुदीषति। तन्मनो भवति। अवगतं न वा?

श्वेतकेतुः – सम्यगवगतं भगवन्!

आरुणिः – वत्स! पीयमानानाम् अपां योऽणिमा स ऊर्ध्वः समुदीषति स एव प्राणो भवति।

श्वेतकेतुः – भगवन्! वाचमपि विज्ञापयतु।

आरुणिः – सौम्य! अश्यमानस्य तेजसो योऽणिमा, स ऊर्ध्वः समुदीषति। सा खलु वाग्भवति। वत्स! उपदेशान्ते भूयोऽपि त्वां विज्ञापयितुमिच्छामि यदन्नमयं भवति मनः, आपोमयो भवति प्राणस्तेजोमयी च भवति वागिति। किञ्च यादृशमन्नादिकं गृह्णाति मानवस्तादृशमेव तस्य चित्तादिकं भवतीति मदुपदेशसारः। वत्स! एतत्सर्वं हृदयेन अवधारय।

श्वेतकेतुः – यदाज्ञापयति भगवन्। एष प्रणमामि।

आरुणिः – वत्स! चिरञ्जीव। तेजस्वि नौ अधीतम् अस्तु।

शब्दार्थाः –

भूयः – पुनः। विज्ञापयतु – समझाइये। सावधानम् – सावधानीपूर्वक। मथ्यमानस्य दध्नः – मथे जा रहे

दही का। अणिमा – सूक्ष्मरूप। सर्पिः – घी। घृतोत्पत्तिरहस्यम् – घी की उत्पत्ति का रहस्य। एवमेव – इसी प्रकार। उर्ध्वः – ऊपर। समुदीषति – उठ जाता है अवगतम् – समझा। पीयमानानाम् अपाम् – पीये जा रहे जल / तरल पदार्थों का। वाचम् – वाणी को। अश्यमानस्य तेजसः – ग्रहण किये जा रहे तेज (ऊर्जा) का। उपदेशान्ते – उपदेश के अन्त में। यादृशम् – जैसा। तादृशम् – वैसा। मदुपदेशसारः – मेरे उपदेश का सारांश है। अवधारय – याद रखो। नौ – हम दोनों का

हिन्दी अनुवाद –

श्वेतकेतु – हे प्रभु, मुझे थोड़ा और अच्छी तरह समझाइये ।

आरुणि – हे सज्जन ! सावधानीपूर्वक सुनो –

मथे जा रहे दही का जो सूक्ष्मतम अंश मलाई होता है वह ऊपर आकर तैरने लगता है और वह आगे घी बनकर तैयार होता है ।

श्वेतकेतु – हे प्रभु, आपने घी की उत्पत्ति का रहस्य तो बता दिया, अब मैं थोड़ा और सुनना चाहता हूँ।

आरुणि – इसी प्रकार हे सभ्य पुरुष, खाये जा रहे अन्न का सूक्ष्मतम रूप ऊपर उठता हुआ मन बन जाता है । समझे कि नहीं ?

श्वेतकेतु – अच्छी तरह समझ गया प्रभु ।

आरुणि – हे पुत्र, पीये जा रहे जल या तरल पदार्थ का सूक्ष्म रूप ही ऊपर की ओर बढ़ते हुए प्राणवायु का रूप ले लेता है ।

श्वेतकेतु – हे प्रभु, वाणी का स्वरूप भी समझा दीजिए ।

आरुणि – हे सभ्य पुरुष, (शरीर के द्वारा) ग्रहण किये जा रहे तेज (ऊर्जा) का जो

सूक्ष्मतम रूप है वही आगे चलकर वाणी का रूप धारण कर लेता है । पुत्र, उपदेश के अन्त में एक बार फिर से मैं तुम्हें यह बताना चाहता हूँ कि मन अन्नमय, प्राण जलमय तथा वाणी तेजोमय होते हैं । और मानव जैसा अन्न आदि ग्रहण करता है वैसा ही उसका मन आदि भी होता है – यह मेरे उपदेशों का सारांश है । पुत्र, यह सारी बात हृदय से याद रखो ।

श्वेतकेतु – जैसी आपकी आज्ञा प्रभु ! प्रणाम करता हूँ ।

आरुणि – पुत्र, दीर्घायु हो ! हम दोनों की ज्ञानचर्चा तेजस्विनी / यशस्विनी हो !

विमर्श –

इस उपनिषद् आख्यान में तत्त्वज्ञानी महर्षि आरुणि अपने पुत्र श्वेतकेतु को मन, प्राण और वाणी की वैज्ञानिक उत्पत्ति प्रक्रिया समझाते हैं । उनके वक्तव्य का सारांश यह है कि खाया हुआ अन्न तीन प्रकार का है । उसका स्थिरतम भाग है मल, मध्यम भाग मांस तथा लघुतम या सूक्ष्मतम भाग मन होता है । पीया हुआ जल भी तीन तरह का है । उसका स्थूलतम भाग मूत्र, मध्यम रक्त तथा सूक्ष्मतम भाग प्राणवायु बन जाता है । इसी प्रकार भोजन से प्राप्त तेज भी तीन प्रकार का है, जिसका स्थूलतम भाग अस्थि (हड्डी), मध्यम मज्जा (चर्बी) तथा सूक्ष्मतम भाग वाणी बन जाता है । इसी प्रकार खाया गया अन्न ही मन के रूप में परिवर्तित होता है । अतः अन्न पर ही मन की सात्त्विकता निर्भर करती है । अन्न सात्त्विक तब होता है जब वह न्याय एवं सत्य मार्ग से अर्जित होता है । इसके विपरीत, असत्य और अन्याय से उपार्जित मन तामस हो जाता है और उसे ग्रहण करने वाले का मन भी तामस हो जाता है । इसी प्रकार राजसी भोजन से मन राजस हो जाता है ।

जल ही जीवन है और प्राण जलमय होता है । तेल, घी आदि गुणवत्तापूर्ण तरल पेयपदार्थ के ग्रहण से हमारी वाणी स्फुटतर होती है और सामर्थ्यसम्पन्न हो जाती है । इसलिए हम अपने भोज्य एवं पेय पदार्थों की शुद्धता - सात्त्विकता को लेकर जीवन में अत्यन्त सावधानी बरतें - यह वक्तव्य का सारांश है ।

व्याकरणिक टिप्पणी -

विज्ञापयतु - वि + ज्ञा + णिच् + लोट् लकार। सावधानम् - अवधानेन सहितम्। मथ्यमानस्य - मथ् + कर्मवाच्य में यक् प्रत्यय + शानच्। अणिमा - अणु + इमनिच्। समुदीषति - सम् + उद् + ईष् + लट् लकार। व्याख्यातम् - वि + आ + चक्ष् (ख्या) + क्त। नौ - आवयोः (सम्पूर्ण को नौ आदेश)। अवधारय - अव + धृ + णिच् + लोट् लकार

परीक्षोपयोगि-प्रश्नाः -

1. एकपदेन उत्तरत -

(क) मथ्यमानस्य दध्नः अणिमा किं भवति ?

(ख) अश्यमानस्य अन्नस्य अणिमा किं भवति ?

2. पूर्णवाक्येन उत्तरत -

(क) पीयमानानाम् अपाम् अणिमा कः भवति ?

(ख) का वाग् भवति ?

3. निर्देशानुसारम् उत्तरत -

(क) 'यादृशम्' इत्यस्य विलोमपदं किम् ?

(ख) 'दीर्घायुर्भव' इत्यस्यार्थे किं वाक्यं प्रयुक्तम् ?

(ग) 'एष प्रणमामि' इत्यत्र 'एष' इति सर्वनाम कस्मै प्रयुक्तम् ?

(घ) 'तेजस्वि अधीतम्' इत्यत्र विशेषणपदं किमस्ति ?